उज्जैन
गुरुवार
26
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-115
मालवा डिविजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



ईडी की चार्जशीट में बड़ा खुलासा 127 किलो सोना 102 करोड़ का, देश में तस्करी का आरोप, कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव समेत तीन नामजद

पेज- 8

## मोदी को इजराइली संसद का सर्वोच्च सम्मान, पीएम ने हमास हमले की निंदा की

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे। इस दौरान इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल दिया गया। नेसेट को संबोधित करते हुए मोदी ने इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है। भारत इजराइल के साथ खड़ा है। वहीं नेतन्याहू ने कहा, मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को एशिया का शेर और दुनिया का सम्मानित नेता बताया।



## अनजाने में गलती हुई, चैप्टर को फिर से लिखा जाएगा : एनसीईआरटी

**नई दिल्ली।** क्लास 8 की सोशल साइंस की टेक्स्टबुक में ज्यूडीशियल करप्शन विवाद पर एनसीईआरटी ने पहली प्रतिक्रिया दी। एनसीईआरटी ने कहा कि वे ज्यूडिशियरी का बहुत सम्मान करते हैं। किताब में गलती अनजाने में हुई है और एनसीईआरटी को उस चैप्टर में गलत मटेरियल शामिल करने का अफसोस है। एनसीईआरटी ने 24 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम एक्सप्लोरिंग सोसायटीः इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2 है। इसमें द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी चैप्टर के अंदर ह्यकरप्शन इन द ज्यूडिशियरी का टॉपिक जोड़ा गया है।

## ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़, परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते

**वॉशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वॉरशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा। वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती।




## यूथ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी पर 18 घंटे हाईवोल्टेज ड्रामा

**शिमला।** दिल्ली में अकसमिट में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने के आरोप में 3 यूथ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को हिमाचल और दिल्ली पुलिस में टकराव हो गया। दिल्ली पुलिस ने शिमला के एक होटल से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 3 नेताओं को गिरफ्तार किया, लेकिन हिमाचल पुलिस ने उन्हें आधे रास्ते में रोक लिया और दिल्ली नहीं ले जाने दिया। हिमाचल पुलिस का तर्क था कि इस बारे में दिल्ली पुलिस ने कोई औपचारिक सूचना नहीं दी। हिमाचल में सादे कपड़ों में आकर मेहमानों को उठाया गया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी दोनों पुलिस में बहस होती रही। इसके बाद जज ने फाइल तैयार करने को कहा तो दिल्ली पुलिस फिर बिना कागजी कार्रवाई के तीनों नेताओं को ले गई।

# ईडी ने अनिल अंबानी का 17 मंजिला घर जब्त किया

### कीमत 3716 करोड़, बिजनेसमैन की 40 हजार करोड़ के फ्रॉड मामले में जांच जारी

अंबानी पर 40 हजार करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में जांच चल रही



ब्रह्मास्त्र ▶▶ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित बंगले एबोड को अटैच यानी जब्त कर लिया है। पीटीआई के अनुसार इसकी कीमत करीब 3,716 करोड़ रुपए आंकी गई है।

यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून के तहत की गई है। मामला उनकी ग्रुप कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस द्वारा किए गए कथित बैंक फ्रॉड से जुड़ा है। अनिल अंबानी पर 40 हजार करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में जांच चल रही है। अनिल अंबानी का यह बंगला मुंबई के सबसे पॉश इलाके पाली हिल में स्थित है। 66 मीटर ऊंचे इस बंगले में कुल 17 फ्लोर हैं। यह देश के सबसे महंगे रिहायशी घरों में गिना जाता है। ईडी ने इस संपत्ति को कुर्क करने के लिए एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी किया है। बैंक धोखाधड़ी के मामले में लंबे समय से चल रही जांच के बाद केंद्रीय एजेंसी ने यह बड़ा कदम उठाया है।

आर कॉम से जुड़ा है पूरा मामला यह पूरी कार्रवाई रिलायंस कम्युनिकेशंस और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ चल रही जांच का हिस्सा है। आरोप है कि बैंक से लिए गए लोन की राशि का गलत इस्तेमाल किया गया और उसे अन्य कार्यों में डायवर्ट किया गया। ईडी पिछले काफी समय से अनिल अंबानी और उनके ग्रुप की वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही थी। इससे पहले भी अंबानी से इस मामले में पूछताछ की जा चुकी है। आर कॉम पिछले कई सालों से वित्तीय संकट से जूझ रही है। भारी कर्ज के बोझ तले दबी यह कंपनी फिलहाल इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत दिवालिया होने की प्रक्रिया से गुजर रही है।

# राष्ट्रपति मुर्मू पहली बार लड़ाकू हेलिकॉप्टर में भरेंगी उड़ान

### राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर पर वायुशक्ति युद्धाभ्यास का लेंगी जायजा



ब्रह्मास्त्र ▶▶ जैसलमेर

पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति-2026' कल (27 फरवरी) होगा।

युद्धाभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहेंगी। वे 2 दिवसीय (26 और 27 फरवरी) जैसलमेर दौरे पर हैं। तय शेड्यूल के अनुसार- राष्ट्रपति 27 फरवरी को कॉम्बैट हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगी। इस दौरान वे युद्धाभ्यास क्षेत्र का हवाई मुआयना करेंगी। यह पहली बार होगा, जब राष्ट्रपति जैसलमेर की सीमावर्ती एयरस्पेस में किसी लड़ाकू हेलिकॉप्टर की सह-पायलट बनेंगी। इसके बाद वे वायुसेना स्टेशन पर अधिकारियों और जांबाजों के साथ संवाद कर उनका हौसला बढ़ाएंगी। शाम को राष्ट्रपति पोकरण रेंज पहुंचेंगी, जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में 'वायु शक्ति' युद्धाभ्यास की शुरुआत होगी। इस दौरान आसमान से बरसती आग और सटीक निशानों के जरिए वायुसेना अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करेगी।

'वायु शक्ति-2026' में प्रचंड के अलावा राफेल, सुखोई-30 एमकेआई और अपाचे जैसे विमान भी अपनी ताकत दिखाएंगे। राष्ट्रपति की इस यात्रा को सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## 9 साल की छात्रा को हार्ट अटैक से मौत

ब्रह्मास्त्र ▶▶ नागौर

नागौर के प्राइवेट स्कूल में 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह लड़खड़ाकर गिर गई थी। आनन-फानन में स्कूल स्टाफ उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। करीब 4 महीने पहले बड़े भाई की भी ऐसे ही हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। घटना नागौर के गोटन कस्बे के गोटन इंटरनेशनल स्कूल में 23 फरवरी की सुबह करीब 7.48 बजे हुई थी।

स्कूल डायरेक्टर रामकुंवार ओला ने बताया- तालनपुर के रहने वाले राजेंद्र बापेडिया की बेटी दिव्या पांचवीं क्लास की स्टूडेंट थी। सामान्य दिनों की तरह 23 फरवरी की सुबह भी स्कूल आई थी। प्रेयर (प्रार्थना) होने में अभी समय था। इस दौरान कुछ बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। इसमें दिव्या भी शामिल थी। खेलते समय अचानक दिव्या बेहोश होकर गिर पड़ी। इससे अफरा-तफरी मच गई। परिवार वालों को सूचना देने के साथ ही स्कूल स्टाफ ने दिव्या को संभाला। बिना देर किए गोटन के राजकीय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

### जनसहभागिता मॉडल पर किया जाएगा

# मोहल्लों और कॉलोनियों की सड़कों व नालियों का निर्माण

ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन



अब पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी मोहल्लों और कॉलोनियों की सडकों तथा नालियों का निर्माण जनसहभागिता मॉडल पर किया जाएगा। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत ऐसे कार्यों में आधी राशि राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि स्थानीय नागरिकों के सहयोग से जुटाई जाएगी।

यह राशि एकत्र करने की जिम्मेदारी संबंधित नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद की होगी। इसके अलावा भूखंडों पर हरियाली ज्यादा होने पर सरकार भवन या भूखंड मालिक को अतिरिक्त निर्माण के लिए ग्रीन एफएआर मंजूरी भी दी जाएगी। विधानसभा में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा पर वक्तव्य देते समय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश में सीएम जनभागीदारी योजना लाने की घोषणा की। इस पर विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने पूछा कि पूर्व में 75 प्रतिशत तक जनभागीदारी होती थी, तो नई योजना में कितना प्रतिशत तय किया गया है। इस पर मंत्री ने कहा कि सरकार ने नई योजना तैयार की है और इसमें लचीलापन रखा जाएगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व व्यवस्था में गरीब बस्तियों से 25 प्रतिशत, निम्न एवं मध्यम वर्ग से 50 प्रतिशत और उच्च वर्ग से 25 प्रतिशत अंशदान लिया जाता था। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधियों से राय लेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष और महापौर से पूछा जाएगा कि वे किस प्रकार की प्लानिंग जनभागीदारी से करना चाहते हैं। हम कोई योजना थोपेंगे नहीं।

सभी प्रमुख शहरों के मास्टर प्लान चरणबद्ध तरीके से तैयार किए जा रहे हैं और जहां आवश्यक है वहां संशोधन की प्रक्रिया भी चल रही है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि मास्टर प्लान केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेंगे।

## इंडिगो फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री 4 घंटे फंसे

ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली

चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। इससे विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्री रनवे पर फंसे रहे। उन्होंने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर भी नाराजगी जताई।

घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है। एक अन्य यात्री ने कहा कि वे सुबह 7 बजे से इंतजार कर रहे हैं और उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जा रही। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में दावा किया गया कि यात्री 4 घंटे से अधिक समय तक विमान में बिना वेंटिलेशन और खाना के बैठे रहे। यात्रियों ने यह भी दावा किया कि फ्लाइट पहले तकनीकी खराबी के कारण लेट हुई। इसके बाद ड्यूटी टाइम खत्म होने का हवाला देते हुए पायलट भी विमान से उतर गया।



## खबर एक नजर...

### युवक को ई-रिक्शा, वृद्ध को कार ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** आगर रोड पर बुधवार सुबह कार ने वृद्ध को टक्कर मार दी, वहीं ई रिक्शा चालक ने युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों दुर्घटना में घायलों को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पहली दुर्घटना महाकाल लोग के सामने हुई जिसमें शुभम पिता सुरेश निवासी नीलगंगा घायल हुआ। शुभम महाकाल मंदिर के पास फुल प्रसादी की दुकान लगता है और सुबह दूध तलाई स्थित फूल मंडी से फूल लेकर दुकान जा रहा था, तभी ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। दूसरी दुर्घटना आगर रोड पर आकाश पेट्रोल पंप के सामने हुई। विराटनगर में रहने वाले 70 वर्षीय शकूर पिता सादिक खान अपनी स्कूटी में पेट्रोल भरवा कर वापस मोहन नगर लौट रहे थे उसी दौरान कार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। दोनों मामलों में संबंधित थाना पुलिस द्वारा घायलों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### मैसेज मिला तो पता चला खाते से निकले 2.42 लाख

**उज्जैन।** एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन 2.42 लाख की धोखाधड़ी हो गई। मोबाइल पर खाते से रुपए निकलने का मैसेज मिला तो पता चला। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि कोट मोहल्ला में रहने वाले खालिद पिता अहमद नूर खान ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके खाते से ऑनलाइन 2.42 लाख रुपए अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल लिये गये है। उसने किसी को ओटीपी नहीं दिया, ना ही किसी लिंक पर क्लिक किया। खाते से 8 फरवरी को रुपए निकाले गये है। मोबाइल पर रुपए निकलने का मैसेज मिला तो पता चला। थाना प्रभारी के अनुसार शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 318 (1) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया है। ऑनलाइन हुई धोखाधड़ी के मामले में बैंक से जानकारी प्राप्त कर पता लगाया जायेगा कि खाते से राशि कैसे निकली है और किस खाते में गई है।

### सूरज के तेवर तीखे, 33 डिग्री पार हुआ तापमान

**उज्जैन।** फरवरी माह के अंतिम दिनों में सूरज के तेवर तीखे होते दिखाई देने लगे है। बुधवार को तापमान 33 डिग्री के पार पहुंच गया। जो माह का सबसे अधिक होना सामने आया है। 14 जनवरी को सूर्य के उत्तरायण होने के बाद तापमान में तेजी आने लगती है। लेकिन इस बार पश्चिमी विक्षोभ की लगातार सक्रियता बनी रहने की वजह से तापमान में तेजी नहीं आ पाई थी। फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में बारिश, आंधी के साथ ओलावृष्टि का दौर शुरू हुआ। जो रुक-रुक कर 21 फरवरी तक बना रहा। इस बीच तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहा। अब 2 दिनों से आसमान पूरी तरह से साफ दिखाई दे रहा है और सूरज के तेवर तीखे होते दिखाई दे रहे है। बुधवार को अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। जीवाजीराव वेधशाला पर दिन का तापमान 33.5 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं मंगलवार-बुधवार रात न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री रहा था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी कुछ दिन और पश्चिमी विक्षोभ का असर बना रह सकता है। जिसके चलते तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मार्च माह के दूसरे सप्ताह से गर्मी अपना असर दिखा सकती है। इस बार अप्रैल-मई माह में तापमान रिकार्ड भी तोड़ सकता है।

### सीजन में पहली बार दिन का तापमान 33.5 डिग्री पर पहुंचा

**उज्जैन।** फरवरी की विदाई के साथ सर्दी भी विदा हो रही है। यही कारण है कि दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होने लगी है। सीजन में पहली बार बुधवार को दिन का पारा 33.5 डिग्री पर पहुंच गया। 24 घंटे में इसमें 0.9 डिग्री की वृद्धि हुई है। सुबह की शुरुआत हल्की ठंड के साथ हुई। बादल छाए रहे। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार बुधवार को न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री दर्ज किया, जो कि मंगलवार के न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से 1.5 डिग्री ज्यादा है। हवा की रफ्तार सुबह शून्य और शाम को 6 किलोमीटर प्रति घंटा रही। दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी हैं। मौसम विभाग के अनुसार नर्मदापुरम में न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री, आगर में 17.9, सागर में 17.4, गुना में 16.6 और उज्जैन में 16.5 डिग्री रहा।

# किसानों के आगे फिर झुकी एमपी सरकार

## उज्जैन में ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की ऊंचाई होगी कम, मुआवजा बढ़ाने का भी आश्वासन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश सरकार किसानों के आगे एक बार फिर झुक गई है। सरकार ने उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर रोड की ऊंचाई कम करने का फैसला हुआ है। भोपाल में सीएम मोहन यादव और किसानों के बीच बातचीत के बाद सरकार ने निर्णय लिया है।

इसके साथ ही किसानों को मिलने वाले मुआवजे की राशि भी बढ़ाने का भी आश्वासन मिल गया है। फैसले के बाद किसानों ने भी अपना विरोध वापस ले लिया है। तीन महीने पहले सरकार ने उज्जैन सिंहस्थ इलाके में जमीन अधिग्रहण का अपना फैसला भी वापस ले लिया था।

**अब एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर सड़क बनेगी- सीएम-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन सिटी भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। किसानों के सुझाव के अनुसार, उनके हित में इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर-लेन प्रोजेक्ट जमीनी स्तर पर बनाया जाएगा।



सरकार और प्रशासन उन किसानों को उचित मुआवजा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनकी जमीन प्रभावित होगी। इंदौर और उज्जैन के किसान प्रतिनिधियों ने किसानों के हित में इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर-लेन रोड बनाने के उनके फैसले के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार जताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पुराना इंदौर-उज्जैन रास्ता जानापाव आने-जाने के लिए ट्रांसपोर्टेशन हब का भी काम करता है। हाल के सालों में सड़क के संकरे होने से जो हादसे हुए हैं। अब उन पर रोक लगेगी। किसानों से बातचीत के बाद इस ग्रीनफील्ड फोर-लेन रोड प्रोजेक्ट पर काम तेज किया जा रहा है।

### एक हजार किसान करने वाले थे उज्जैन कूच

उज्जैन-इंदौर और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड रोड का विरोध कर रहे करीब 1,000 किसान बुधवार को राशन और बिस्तर लेकर उज्जैन पहुंचने वाले थे। वे 150 से ज्यादा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ कलेक्ट्रेट घेरने और अनिश्चितकालीन धरना देने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच मुख्यमंत्री ने किसानों को मिलने और बातचीत करने के लिए बुलाया। हाल ही में यह दूसरी बार है जब सरकार किसानों के आगे झुकी है। इससे पहले, उज्जैन लैंड पूलिंग एक्ट को लेकर सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा था।

### उज्जैन के 7 और इंदौर के 21 गांव प्रभावित

उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने किसान नेताओं के साथ मीटिंग की। किसानों के साथ बातचीत पॉजिटिव रही। उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर में उज्जैन के 7 और इंदौर के 21 गांव प्रभावित हैं। वहीं उज्जैन-जावर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर में उज्जैन के 53 और रतलाम के 9 गांव प्रभावित हैं।

**किसानों ने प्रदर्शन टाला-** किसान नेता राजेश सोलंकी ने कहा कि किसानों ने अनिश्चितकालीन धरने की तैयारी की थी, लेकिन प्रशासन के बातचीत शुरू करने के बाद विरोध कुछ समय के लिए रोक दिया गया। मीटिंग का नतीजा अच्छा रहने के बाद, किसान नेताओं ने दूसरे किसानों को उज्जैन में घुसने से रोक दिया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर ने भरोसा दिलाया था कि जावरा-उज्जैन ग्रीन फील्ड रोड से प्रभावित किसानों को उज्जैन-इंदौर रोड के किसानों जितना ही मुआवजा मिलेगा।

**डेढ़ साल से विरोध कर रहे थे किसान-** किसानों का कहना है कि वे पिछले डेढ़ साल से मुआवजे और सड़क के एक्सेस कंट्रोल प्लान का विरोध कर रहे हैं। 15 से 20 फीट की ऊंचाई पर बनने वाली प्रस्तावित सड़क से गांव की कनेक्टिविटी पर असर पड़ेगा। किसानों की मांग है कि सड़क जमीन के लेवल पर बनाई जाए और जमीन का मुआवजा बाजार रेट पर दिया जाए।

# रंगों से सजा बाजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

परंपरागत त्योहार होली की आमद, बाजारों में नजर आने लगी है। फ्रीगंज व विभिन्न कालोनियों में रंगबिरंगी गुलाल, पिचकारी व रंग की दुकानें सज चुकी हैं। हाथठेलों पर भी विभिन्न रंग व गुलाल के ढेर नजर आ रहे हैं। बाजार मे हर्बल गुलाल की मांग भी चल रही है। कमरी मार्ग के रंग व्यवसायी अली असगर ने बताया कि रंग का थोक बाजार इंदौर है। ज्यादातर रंग व गुलाल इंदौर से ही मंगाया जाता है। विगत कुछ वर्षो से महंगाई के चलते रंग मे भी रसायनों की मिलावट देखी जा रही है। रासायनिक रंग, कपड़ा उद्योग मे प्रयोग होते आए हैं। रंग का सबसे बड़ा बाजार अहमदाबाद है क्योंकि वहां कपड़ा उद्योग शिखर पर है। होली पर सर्वाधिक मांग गुलाबी रंग की होती है क्योंकि ये सबसे पक्का रंग जो है।

**मिलावटी रासायनिक रंगों में रसायन-** वर्तमान समय मे रंगो को पक्का बनाने की जुगत मे कुछ रसायन मिलाए जा रहे हैं जो त्वचा व आंखों के लिए हानिकारक हैं। रसायनविद अनिल चिंचौलीकर के



अनुसार होली के रंगों मे भी नाइट्रो, एझो, थेलिन, व एलझीरीन रंजक मिलाए जा रहे हैं ताकि रंग पक्के व गाढे बनें। सभी रंजकों का विपरीत प्रभाव मानव शरीर पर होता है। रसायनविदों के अनुसार खाद्य रंगों व हर्बल गुलाल से होली खेलना चाहिए। प्राकृतिक रंगों जैसे टेसू के रंग से होली खेलना सुरक्षित है।

**बचाव के उपाय-** होली के रंगों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. जूजर हुसैन ने दैनिक ब्रह्मास्त्र को बताया कि होली खेलने से पहले शरीर की त्वचा पर वैसलीन या तेल की परत चढ़ा लेना हितकर है। इसके अलावा जब होली का रंग त्वचा या चेहरे पर लगा हो तो धूप में न जाएं। रासायनिक रंगों में लेड व कापर सल्फेट जैसे घातक रंजक होते हैं जो धूप मे अभिक्रिया करते हुए त्वचा पर दुष्प्रभाव छोड़ते हैं। यदि रंग के दुष्प्रभाव से स्थिति गंभीर हो जाए तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। उन्होने आगे बताया कि कभी भी शरीर से रंग छुडाने पर त्वचा को रगड़ रगड़ कर साफ न करें इससे त्वचा को नुकसान पहुंचता है। आंखों मे रंग चला जाए तो तुरंत साफ ठंडे पानी से आंख को बार बार धोएं और नेत्र चिकित्सक का परामर्श लें। उचित हो कि हम प्राकृतिक रंग व गुलाल से ही होली खेलें जो सभी के लिए सुरक्षित हो।

# होलाष्टक के कारण 8 दिन के लिए मांगलिक कार्यक्रम बंद

### विवाह, यज्ञोपवित, गृह प्रवेश नहीं हो सकेंगे, 3 मार्च के बाद शुरू होंगे शुभ कार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक का आरंभ माना जाता है अर्थात पूर्णिमा के ठीक 8 दिन पहले का अनुक्रम अष्टक की श्रेणी में आता है। इस बार होला अष्टक की शुरूआत 24 फरवरी से हो चुकी है जो 3 मार्च तक रहेगा। मान्यता है कि होलाष्टक में विवाह कार्य नहीं किए जाते हैं। इस दौरान लोक परंपरा से जुड़े फाग उत्सव की धूम रहेगी। ज्योतिषाचार्य अमर डब्बेवाला ने बताया कि होलाष्टक से पूर्णिमा पर्यंत होलिका के 8 दिन विशेष प्रभाव के रहते हैं पौराणिक मान्यता के अनुसार यह 8 दिन संभलने वाले भी माने जाते हैं अर्थात इन आठ दिनों में तंत्र-मंत्र से जुड़े या अभिचार तंत्र से जुड़े अनुक्रम भी किए जाते हैं तो स्वयं की सुरक्षा के लिए अपने ईष्ट की आराधना इन आठ दिनों में की जा सकती है। इस 8 दिनों में विवाह, यज्ञोपवित, गृह प्रवेश जैसे कार्य नहीं हो सकेंगे।

होलाष्टक के बारे में प्रांत और क्षेत्रीय आधार पर अलग-अलग प्रकार की परंपराएं लागू है। जिसमें ऋतु चक्र का परिवर्तन और मानसिकता में अलग-अलग प्रकार की वैचारिकता का आवागमन होता है क्योंकि यह बसंत से संबंधित और पतझड़ से संबंधित रितु काल का संधि काल भी बताया जाता है। होलाष्टक का समापन 3 मार्च को चंद्र ग्रहण की पूर्णता के साथ समाप्त होगा 4 मार्च से पुनः अलग-अलग प्रकार से मांगलिक कार्य की शुरूआत की जा सकेगी।

### होलाष्टक से लेकर पूर्णिमा तक यह व्रत रहेंगे

- 27 फरवरी आमलकी एकादशी एवं सर्वार्थ सिद्धि योग
- 28 फरवरी को बुध अस्त होंगे पश्चिम दिशा में
- 1 मार्च को प्रदोष व्रत और रवि पुष्य
- 2 मार्च को होलिका का पूजन प्रदोष काल में
- 3 मार्च को धुलेंडी पर्व और चंद ग्रहण इसी के साथ होलाष्टक समाप्त

### उज्जैन में अभी तक 1 लाख 48 हजार किसानों ने गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीयन कराया

# 4 लाख 42 हजार से अधिक किसानों ने गेहूँ उपार्जन के लिये कराया पंजीयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक 4 लाख 42 हजार 288 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें। उन्होंने बताया है



कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपए अधिक है। मंत्री राजपूत ने बताया कि अभी तक, उज्जैन में एक लाख 48 हजार 905, इंदौर संभाग में 54 हजार 587, ग्वालियर में 9695, चम्बल में 4692, जबलपुर में 39 हजार 885, नर्मदापुरम में 34 हजार 181, भोपाल में एक लाख 9 हजार 134, रीवा में 13 हजार 260, शहडोल में 2551 और सागर में 25 हजार 398 किसानों ने पंजीयन कराया है।

**पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था-** पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

**पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था-** पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है।

**किसानों को करें एसएमएस-** खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया है कि विगत रबी एवं खरीफ के पंजीयन में जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। गांव में डोंडी पिटवाकर ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर पंजीयन सूचना प्रदर्शित कराने तथा समिति/ मंडी स्तर पर बैनर लगवाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

उज्जैन
गुरुवार
26
फरवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

एतदर्थ कुलीनानां नृपाः कुर्वन्ति संग्रहम्।
आदिमध्यावसानेषु न त्यजन्ति च ते नृपम्॥

**अर्थः** कुलीन लोग आरम्भ से अन्त तक साथ नहीं छोड़ते। वे वास्तव में संगति का धर्म निभाते हैं। इसलिए राजा लोग कुलीन का संग्रह करते हैं ताकि समय-समय पर सत्परामर्श मिल सके।

## खबर एक नजर...

### इंदौर के डीप फेक वीडियो मामले में जांच शुरू

**इंदौर।** इंदौर में डीप फेक वीडियो मामले में क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। बुधवार को क्राइम ब्रांच में परिजन के बयान हुए हैं। बयान के आधार पर टीम जानकारी जुटाने में लगी है। इसके साथ ही नंबरों की लोकेशन व अन्य टेक्निकल जानकारी भी क्राइम ब्रांच निकाल रही है। साथ ही क्यूआर कोड के माध्यम से किन खातों में पैसा गया है इसका भी टीम पता लगाएगी। पिछली दिनों 10वीं क्लास का बच्चे को स्कूल की छुट्टियां करने पर परिवार ने डांट लगाई थी। इससे वह नाराज होकर ट्यूशन के बाद बिना किसी को बताए सांवरिया सेठ दर्शन करने चला गया। जबकि परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर उसका फोटो और कॉटेक्ट नंबर जारी किया और बाद में एमआईजी थाने में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। इस बीच बदमाश ने उस फोटो का इस्तेमाल करके एक फेक वीडियो बनाकर परिवार के लोगों को वीडियो कॉल किया और बच्चा उसके पास होने और उसे मारने की धमकी देने लगा। वीडियो देख परिवार के लोग भी घबरा गए और बदमाश की डिमांड के मुताबिक उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर अलग-अलग कर 1 लाख 2 हजार रुपए भेज दिए। अगले दिन जब बच्चे ने दोस्त को कॉल कर बताया कि वह सांवरिया सेठ में है। जिसके बाद परिवार को उसकी जानकारी मिली और परिवार को पता चला कि उसका किसी ने किडनैप नहीं किया था। तब उन्होंने मामले की शिकायत की।

### कंपनी के पूर्व डायरेक्टर तीसरी बार रिमांड पर

**इंदौर।** शहर की कंफेक्शनरी कंपनी में करोड़ों रुपए की कथित अंदरूनी साजिश का मामला उलझता जा रहा है। जीआरवी कंपनी के पूर्व डायरेक्टर संजय कलवानी से पूछताछ के लिए बाणगंगा पुलिस को तीसरी बार रिमांड लेना पड़ा है। पुलिस का कहना है कि कलवानी पूछताछ में पूरा सहयोग नहीं कर रहे हैं और अहम जानकारियां छिपा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक कलवानी ने अब तक अपना मोबाइल फोन और कंपनी से तैयार बिस्कुट व चॉकलेट के स्टॉक से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। जांच में मोबाइल को महत्वपूर्ण साक्ष्य माना जा रहा है। मामले में रशियन नागरिक गोरव अहलावत और विजय पांचाल का नाम सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों की तलाश तेज कर दी है। 19 फरवरी को कंपनी के शेयर होल्डर दिनेश मिश्रा ने बाणगंगा थाने में संजय कलवानी के खिलाफ धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं का केस दर्ज कराया था। शिकायत में करोड़ों रुपए के लेन-देन और गबन के आरोप लगाए गए हैं।

### संपत्ति कर बकाया होने पर दुकानों को किया सील

इंदौर। बुधवार को नगर निगम की टीम ने सियागंज में संपत्ति कर को लेकर दुकानों को सील करने की कार्रवाई की। कार्रवाई के चलते कुछ देर के लिए सियागंज का मार्केट भी बंद रहा। हालांकि बाद में मार्केट खुल गया। इधर, युवराज वरदराज मंडलोई ने निगम ने जो कार्रवाई की वह उचित है क्योंकि हमारे नाम से झूठी परमिशन दिलाकर व्यापारियों से अवैध दुकान बढ़ाई है उसका टैक्स निगम वसूल रही है और हम नॉमिनल किराया लेते हैं जो हमारे रिकॉर्ड में है, उसे हिसाब से टैक्स चुकाया जाता है। आज जो नगर निगम ने हमारे मकानों पर कार्रवाई की है। मैं उसके पक्ष में हूं। निगम की कार्र?वाई के बाद समीक्षा की तो उसमें दो मूल मुद्दे निकलकर आए है। एक मुद्दा ये आया है कि कुछ लोग वहां मेरे नाम से पैसा ले रहे है, अनुमति देने और लेने के नाम पर। टैक्स का जो पैसा जाना चाहिए था उसका गबन कर रहे है। इसकी सूचना आज हमें मिली है। उन लोगों के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई करवाएंगे।

## इंदौर में होली से पहले मिठाई-डेयरी दुकानों पर बड़ी कार्रवाई

# दूध, मावा और नमकीन के 38 सैंपल लिए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

होली पर्व के मद्देनजर शहर में खाद्य पदार्थों की सघन जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर कुल 38 खाद्य नमूने एकत्र किए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित डेयरी, नमकीन और मिठाई प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया और मौके से खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि होली तक यह विशेष अभियान लगातार जारी रखा जाए। अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लिए जाएं, ताकि मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।



**किस संस्थान पर क्या कार्रवाई की गई-** नंदलालपुरा स्थित शिवशक्ति दूध दही भंडार से दूध और दही के 2 नमूने लिए गए। जवाहर मार्ग, नंदलालपुरा सब्जी मंडी के जैन नमकीन भंडार से लौंग सेव का 1 नमूना लिया गया। सपना स्वीट्स (इमली बाजार) से मिठाई के 2 तथा अजय स्वीट्स (सादर बाजार) से दूध कतली और मिल्क केक के 2 नमूने जांच के लिए भेजे गए। इमली बाजार स्थित किशनलाल मायाराम पुरोहित प्रतिष्ठान से मिल्क केक, मावा, मावा पेड़ा, बेसन चक्की और पनीर सहित 5 नमूने लिए गए। यहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिलने पर सुधार सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। पिपलियाहाना के फार्मर्स मिल्क कार्ट से पनीर, दही और मावा के 3 नमूने लिए गए। विधाता स्वीट्स एंड डेयरी (इमली बाजार) से मावा, मिल्क केक, मावा कतली और मावा टिकिया के 4 नमूने, अग्रवाल स्वीट्स प्रोडक्ट प्रा. लि. (स्कीम नंबर 140) से पेड़ा, बेसन लड्डू और काजू कतली के 3 नमूने लिए गए। ममता डेरी फार्म (148 सादर बाजार) से दही, पनीर और घी के 3 नमूने, आनंद श्री नमकीन एंड स्वीट्स (मरीमाता चौराहा) से मिल्क केक और मलाई टिकिया के 2 नमूने लिए गए। ओम नमकीन (दिलपसंद ग्रीन, स्कीम नंबर 140) से ड्राई फ्रूट चक्की, रतलामी सेव और खट्टा-मीठा नमकीन के 3 नमूने एकत्र किए गए।

### कलेक्टर ने बैठक लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट किया कि अमानक खाद्य सामग्री बेचने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विभिन्न विभागों के संयुक्त दल गठित कर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जाएगी। आगामी त्योहारों को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जाएगा। एफएसएसएआई के रिस्क बेस्ड इंस्पेक्शन सिस्टम के तहत हाई-रिस्क प्रतिष्ठानों का प्राथमिकता से निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक दर्ज मामलों के अलावा आगे भी दोषियों के खिलाफ तत्काल प्रकरण दर्ज किए जाएंगे। बैठक में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भागीरथपुरा में एक और मौत

## बेटी का दावा- दूषित पानी ने ली पिता की जान, स्वास्थ्य विभाग ने कहा- लिवर सिरोसिस से पीड़ित थे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

भागीरथपुरा दूषित जलकांड मामले में एक ओर मौत की बात सामने आई है। भागीरथपुरा में रहने वाले रामनरेश यादव की मंगलवार को मौत हो गई। वे पिछले काफी वक्त से बीमार चल रहे थे। परिवार का आरोप है कि दूषित पानी की वजह से ऐसा हुआ है। वहीं स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मरीज लिवर सिरोसिस से पीड़ित थे।

भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। रामनरेश यादव की मौत को मिलाए तो ये आंकड़ा 36 हो गया है। रामनरेश यादव की बेटियां प्रिया और प्रेरणा ने बताया कि वे बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। मां गीता होस्टल में खाना बनाने का काम करती है। उनकी चार बेटियां है। 1 जनवरी को उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत होने पर परिवार ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए कैंप में दिखाया था।



वहां से दवा भी ली थी, लेकिन फर्क नहीं पड़ा, जिसके बाद उनका प्राइवेट इलाज करवाया। मगर पिता के पैर में बार-बार सूजन आ रही थी और ये सूजन बढ़ी जा रही थी। 15 दिन पहले उन्होंने प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां आईसीयू में उनका इलाज चला। उनके लिवर-किडनी खराब हो गए थे। जिसकी वजह से शरीर में पानी भरा रहा था। मंगलवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मंगलवार को ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। इधर, मामले में स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि भागीरथपुरा में 58 वर्षीय एक पुरुष की टू केयर अस्पताल में मृत्यु हुई है। वह लिवर सिरोसिस से पीड़ित थे, जिसकी वजह से पूरे शरीर में पानी भर गया था। साथ ही सांस लेने की तकलीफ से भी पीड़ित थे। अस्पताल प्रबंधन ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उनकी मृत्यु लिवर सिरोसिस से हुई है।

## सेवाधाम आश्रम का मामला: 17 बच्चों की मौत पर हाई कोर्ट सख्त पीआईएल दर्ज करने के निर्देश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने इंदौर के युगपुरुष धाम से उज्जैन स्थित सेवाधाम आश्रम भेजे गए बच्चों की मौतों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने रजिस्ट्री को इसे जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। खंडपीठ ने माना कि मामला प्रथम दृष्टया बच्चों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा प्रतीत होता है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के साथ किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के संभावित उल्लंघन की ओर संकेत करता है। 24 फरवरी के आदेश में अदालत ने प्रकाशित रिपोर्ट का उल्लेख किया। रिपोर्ट के अनुसार, युगपुरुष धाम में 10 दिव्यांग व अनाथ बच्चों की मौत के बाद 86 बच्चों को उज्जैन के सेवाधाम आश्रम भेजा गया था। इनमें से एक वर्ष के भीतर 17 बच्चों की मौत हो गई। जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच कुल 38 बच्चों की मौत कुप्रबंधन, लापरवाही और चिकित्सा सुविधाओं के अभाव से होने की बात सामने आई है।

# इंदौर में 1590 बकायादारों से 7 करोड़ रुपये वसूले

## सभी जोनल ऑफिस और मुख्यालय में जमा हुआ बकाया, सीलिंग और जब्ती-कुर्की भी की

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में बुधवार को नगर निगम ने शहर में राजस्व वसूली अभियान चलाया। शाम 6 बजे तक संपत्तिकर और जलकर के 1590 बकायादारों से 7 करोड़ 6 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। अभियान के तहत सभी जोनल कार्यालयों और निगम मुख्यालय पर विशेष कर संग्रहण शिविर (कैंप डे) आयोजित किए गए। साथ ही सभी जोन क्षेत्रों में सघन वसूली कार्रवाई की गई।

प्रभारी राजस्व निरंजन सिंह चौहान और अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव के अनुसार, शाम 6 बजे तक संपत्तिकर और जलकर की 1590 रसीदों के माध्यम से कुल 7.06 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। निगम की वसूली कार्रवाई लगातार जारी है।अभियान के दौरान बकाया राशि न चुकाने पर कई भवनों और संस्थानों पर सीलिंग और जब्ती/कुर्की की कार्रवाई की गई।



**यहां की गई कार्रवाई-** जोन 19, वार्ड 41 में स्थित मयूर हॉस्पिटल पर 12,05,939 रुपए बकाया होने पर सीलिंग की गई। होटल लॉर्डस और जोन क्रमांक 13, वार्ड 74 में स्थित सांघी टोयोटा पर भी बकाया राशि के चलते सीलिंग की कार्रवाई की गई। जोन क्रमांक 7, वार्ड 34 में हाई स्ट्रीट अपोलो और वार्ड 32 में द हब बिल्डिंग पर 48 लाख रुपए बकाया होने पर जब्ती/कुर्की की गई। कार्रवाई के बाद संबंधित बकाया राशि जमा कराई गई। जोन 20, वार्ड 5 के अंतर्गत सोमेश गार्डन पर 10,92,646 रुपए बकाया होने पर जब्ती/कुर्की की कार्रवाई की गई। वर्जुयस हेल्प केयर लिमिटेड कंपनी के संस्थान पर 20 लाख रुपए बकाया पाए जाने पर जब्ती/कुर्की के बाद भवन स्वामी ने चेक के माध्यम से राशि जमा कराई। जोन क्रमांक 22, वार्ड 31 में स्कीम नंबर 54 स्थित दो भवन और वार्ड क्रमांक 36 में मनोहर लाल कनरिया, पता क्लिफटन प्राइड स्थित भवन पर 3,26,713 रुपए बकाया होने पर तीनों भवनों पर जब्ती/कुर्की की गई। जोन क्रमांक 7, वार्ड 33 में कबीटखेड़ी स्थित भवन पर 1,75,000 रुपए और वार्ड 32 में द हब, स्कीम नंबर 78 पार्ट-2 पर बकाया राशि होने पर दोनों भवनों को सील किया गया। इसी क्रम में जोन क्रमांक 17, वार्ड 18 में नजमी स्टीम, सांवेर रोड पर 2,25,133 रुपए और मेटल पाइप, सांवेर रोड पर 56,85,860 रुपए बकाया होने पर जब्ती/कुर्की की कार्रवाई की गई।

## खबर एक नजर...

### कंपनी सचिव परीक्षाओं के परिणाम घोषित, उज्जैन में 25.34 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल

**उज्जैन।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) ने बुधवार को दिसंबर-2025 सत्र की कंपनी सचिव (सीएस) प्रोफेशनल और एग्जीक्यूटिव परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए। उज्जैन केंद्र के परिणाम मिले-जुले रहे, जहां प्रोफेशनल कार्यक्रम के दूसरे समूह में एक चौथाई से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

संस्थान ने नई दिल्ली में परिणाम जारी करने के साथ ही इसे आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आईसीएसआई डॉट ईडीयू पर उपलब्ध करा दिया है। एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम के परीक्षार्थी वेबसाइट से ही अपना ह्लई-परिणाम-सह-अंक विवरणह्व (ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट) डाउनलोड कर सकते हैं। इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष अंकित मेड़तवाल ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है।

उज्जैन केंद्र से प्रोफेशनल कार्यक्रम के समूह-1 में 0.50 प्रतिशत और समूह-2 में 25.34 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसी प्रकार एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम (2022 पाठ्यक्रम) के समूह-1 में 16.97 प्रतिशत और समूह-2 में 22.93 प्रतिशत परीक्षार्थियों को सफलता मिली है। संस्थान ने आगामी परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। प्रोफेशनल व एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम का अगला सत्र 1 जून से 7 जून 2026 तक प्रातः कालीन सत्र में आयोजित होगा। इसके लिए परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन नामांकन आज 26 फरवरी 2026 से शुरू होंगे। वहीं, कंपनी सचिव एग्जीक्यूटिव प्रवेश परीक्षा (सीएसईईटी) 1 जून से 4 जून 2026 तक दोपहर के सत्र में होगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन 1 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे।

### पुतुल समारोहः कठपुतली कला का प्रदर्शन होगा

**उज्जैन।** महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति संचालनालय के आयोजन विक्रम उत्सव-2026 अंतर्गत 26 से 28 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से अभिरंग सभागार, कालिदास अकादमी में तीन दिवसीय पुतुल समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार कठपुतली कला की विविध शैलियों की प्रस्तुतियां देंगे। प्रतिदिन दो प्रस्तुति होंगी।



# महाकाल मंदिर में होली 2 मार्च को, चंद्र ग्रहण के दौरान नहीं लगेगा भोग

### महाकाल की दिनचर्या भी बदल जाएगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



देश भर में सबसे पहले होली का पर्व उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के आंगन में मनाया जाएगा। इस दौरान 2 मार्च की शाम को संध्या आरती में भगवान महाकाल को गुलाल अर्पित होगा और आरती के बाद मंदिर परिसर में होलिका का दहन होगा।

इस बार होली के अगले दिन 3 मार्च मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने की वजह कई जगह धुलेंडी पर्व मनाने को लेकर असमंजस बना हुआ है। महाकाल मंदिर में धुलेंडी पर्व पर भस्म आरती से लेकर शाम को ग्रहण खत्म होने तक पट बंद नहीं किए जाएंगे। इस दौरान श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे। हालांकि इस दौरान सुबह भगवान को लगने वाला भोग नहीं लगाया जाएगा। शाम को ग्रहण खत्म होने के बाद मंदिर का शुद्धिकरण होगा और इसके बाद ही भगवान महाकाल को भोग लगेगा।

मंदिर परिसर में भक्त मनाएंगे होली का पर्व 2 मार्च की शाम को भगवान महाकाल की संध्या आरती के बाद महाकाल मंदिर परिसर में ही होलिका दहन किया जाएगा। मंदिर परिसर में कंडों की होली का पूजन पुजारी पंडित घनश्याम शर्मा और अन्य पंडे-पुजारियों ने होलिका का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। होलिका की परिक्रमा कर होलिका दहन होगा। इस दौराब बड़ी संख्या में भक्त होली के पर्व में शामिल होने के लिए महाकाल मंदिर परिसर पहुंचेंगे। होलिका दहन के बाद मंदिर परिसर में ही कई भक्त होली मनाने की शुरूआत एक दूसरे पर रंग लगाकर करते हैं।श

03 मार्च 2026, मंगलवार (फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा) को श्री महाकालेश्वर मंदिर की प्राचीन परंपरा अनुसार चंद्र ग्रहण के कारण श्री महाकालेश्वर मंदिर की पूजा पद्धति में परिवर्तन रहेगा। शाम 6:32 से 6:46 तक रहने वाले इस 14 मिनट के ग्रहण का वेद काल सुबह सूर्योदय से ही प्रारंभ हो जाएगा। वेद काल के कारण सुबह की दद्योदक और भोग आरती में भगवान को केवल शक्कर का भोग अर्पित किया जाएगा। ग्रहण समाप्त होने के पश्चात मंदिर में शुद्धिकरण,भगवान का स्नान पूजन के पश्चात भोग अर्पित कर संध्या आरती संपन्न की जाएगी। महाकाल की दिनचर्या भी बदल जाएगी धुलेंडी के दिन सुबह 4 बजे भस्म आरती में सबसे पहले बाबा महाकाल को पुजारी-पुरोहितों द्वारा गुलाल लगाया जाएगा।

# रत्नों का संबंध केवल आभूषण से नहीं, ब्रह्मांडीय ऊर्जा से : डॉ. विजय टेलर

### ग्वालियर के जीवाजी विवि में राष्ट्रीय सेमिनार में उज्जैन के ज्योतिषाचार्य ने दिया व्याख्यान, कुलपति ने किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




कुलगुरु ने किया सम्मान

ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में उज्जैन के ख्यात ज्योतिषाचार्य एवं भूगर्भ शास्त्री डॉ. विजय टेलर ने भारतीय ज्ञान परंपरा में रत्नों के वैज्ञानिक महत्व को प्रतिपादित किया। 25 एवं 26 फरवरी को आयोजित इस सेमिनार में विशेष वक्ता के रूप में डॉ. टेलर ने कहा कि रत्न केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि यह ब्रह्मांडीय ऊर्जा और मानव जीवन के संतुलन का विज्ञान है।

ह्लभूगर्भीय रत्न विज्ञान का ज्योतिषीय महत्वह्व विषय पर प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. टेलर ने बताया कि पृथ्वी के गर्भ में कार्बन, कैल्शियम, आयरन और कॉपर जैसे तत्वों की रासायनिक क्रियाओं से रत्नों का निर्माण होता है। जहां आधुनिक विज्ञान इसे भौतिक प्रक्रिया मानता है, वहीं वेदों में इसे कालचक्र और सृष्टि क्रम से जोड़ा गया है। उन्होंने रत्नों के त्रिगुणात्मक वर्गीकरण को स्पष्ट करते हुए बताया कि सूर्य, चंद्र व गुरु सतोगुण; बुध व शुक्र रजोगुण तथा मंगल, शनि, राहु व केतु तमोगुण का प्रतिनिधित्व करते हैं। डॉ. टेलर ने स्पष्ट किया कि अनुकूल रत्न सौर किरणों को ग्रहण कर शारीरिक व मानसिक संतुलन साधते हैं, जबकि प्रतिकूल रत्न हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए उचित परामर्श आवश्यक है। उन्होंने समुद्र मंथन और दधीचि प्रसंगों के जरिए रत्नों के पौराणिक संदर्भ भी रखे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवाजी विवि के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने की। सेमिनार में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के उपमहानिदेशक डॉ. सतीश त्रिपाठी, राजा रमन सिंह विवि की कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे, प्रो. एस.एन. महापात्र सहित देश के कई विद्वान उपस्थित थे। समापन पर कुलगुरु एवं संयोजक ने डॉ. विजय टेलर का विशेष सम्मान किया। यह जानकारी अरविंद जैन ने दी।

### सनातन परिषद में महंत महावीर नाथ संभाग और काशीराम पाटीदार बने जिला अध्यक्ष

**उज्जैन।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं अखिल भारतीय सनातन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने उज्जैन संभाग में संगठन के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इन नियुक्तियों के तहत ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति एवं पीठाधीश्वर महंत महावीर नाथ को उज्जैन संभागीय अध्यक्ष और समाजसेवी एवं सनातन धर्म रक्षक काशीराम पाटीदार को उज्जैन जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर कोट महारानी मंदिर के पुजारी कुलदीप शास्त्री ने कहा कि ये नियुक्तियां सनातन धर्म के संरक्षण, प्रसार और सिंहस्थ 2028 की सफल तैयारियों की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में आज 26 फरवरी को एक भव्य स्वागत शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह चल समारोह ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर पिपलिनका, खाक चौक, आगर रोड, चामुंडा माता मंदिर, टावर चौक, सिंधी कॉलोनी, दीनदयाल कॉम्प्लेक्स, नानाखेड़ा बस स्टैंड, शांति पैलेस और अष्ट विनायक सिद्धि विनायक मंदिर होते हुए राजाराम रिसॉर्ट पर समाप्त होगा। समापन स्थल पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजक बबलू यादव मित्र मंडल के साथ अनिल तेजनकर, आदि ने सभी सनातन प्रेमियों से इस शोभायात्रा में भाग लेकर सनातन धर्म की मजबूती में योगदान देने की अपील की है।

# होलाष्टक के कारण 8 दिन के लिए मांगलिक कार्यक्रम बंद

### विवाह, यज्ञोपवित, गृह प्रवेश नहीं हो सकेंगे, 3 मार्च के बाद शुरू होंगे शुभ कार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक का आरंभ माना जाता है अर्थात पूर्णिमा के ठीक 8 दिन पहले का अनुक्रम अष्टक की श्रेणी में आता है। इस बार होला अष्टक की शुरूआत 24 फरवरी से हो चुकी है जो 3 मार्च तक रहेगा। मान्यता है कि होलाष्टक में विवाह कार्य नहीं किए जाते हैं। इस दौरान लोक परंपरा से जुड़े फाग उत्सव की धूम रहेगी।

ज्योतिषाचार्य अमर डब्बेवाला ने बताया कि होलाष्टक से पूर्णिमा पर्यंत होलिका के 8 दिन विशेष प्रभाव के रहते हैं पौराणिक मान्यता के अनुसार यह 8 दिन संभलने वाले भी माने जाते हैं अर्थात इन आठ दिनों में तंत्र-मंत्र से जुड़े या अभिचार तंत्र से जुड़े अनुक्रम भी किए जाते हैं तो स्वयं की सुरक्षा के लिए अपने ईष्ट की आराधना इन आठ दिनों में की जा सकती है। इस 8 दिनों में विवाह, यज्ञोपवित, गृह प्रवेश जैसे कार्य नहीं हो सकेंगे होलाष्टक के बारे में प्रांत और क्षेत्रीय आधार पर अलग-अलग प्रकार की परंपराएं लागू है। जिसमें ऋतु चक्र का परिवर्तन और मानसिकता में अलग-अलग प्रकार की वैचारिकता का आवागमन होता है क्योंकि यह बसंत से संबंधित और पतझड़ से संबंधित रितु काल का संधि काल भी बताया जाता है। होलाष्टक का समापन 3 मार्च को चंद्र ग्रहण की पूर्णता के साथ समाप्त होगा 4 मार्च से पुनः अलग-अलग प्रकार से मांगलिक कार्य की शुरूआत की जा सकेगी।

### होलाष्टक से लेकर पूर्णिमा तक यह व्रत रहेंगे

27 फरवरी आमलकी एकादशी एवं सर्वार्थ सिद्धि योग, 28 फरवरी को बुध अस्त होंगे पश्चिम दिशा में, 1 मार्च को प्रदोष व्रत और रवि पुष्य, 2 मार्च को होलिका का पूजन प्रदोष काल में, 3 मार्च को धुलेंडी पर्व और चंद्र ग्रहण इसी के साथ होलाष्टक समाप्त

# किसानों के आगे फिर झुकी मध्यप्रदेश सरकार, उज्जैन में ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की ऊंचाई होगी कम

### मुआवजा बढ़ाने का भी आश्वासन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश सरकार किसानों के आगे एक बार फिर झुक गई है। सरकार ने उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर रोड की ऊंचाई कम करने का फैसला हुआ है। भोपाल में सीएम मोहन यादव और किसानों के बीच बातचीत के बाद सरकार ने निर्णय लिया है।

इसके साथ ही किसानों को मिलने वाले मुआवजे की राशि भी बढ़ाने का भी आश्वासन मिल गया है। फैसले के बाद किसानों ने भी अपना विरोध वापस ले लिया है। तीन महीने पहले सरकार ने उज्जैन सिंहस्थ इलाके में जमीन अधिग्रहण का अपना फैसला भी वापस ले लिया था।



### अब एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर सड़क बनेगी- सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन सिटी भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। किसानों के सुझाव के अनुसार, उनके हित में इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर-लेन प्रोजेक्ट जमीनी स्तर पर बनाया जाएगा। सरकार और प्रशासन उन किसानों को उचित मुआवजा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनकी जमीन प्रभावित होगी। इंदौर और उज्जैन के किसान प्रतिनिधियों ने किसानों के हित में इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर-लेन रोड बनाने के उनके फैसले के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार जताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पुराना इंदौर-उज्जैन रास्ता जानापाव आने-जाने के लिए ट्रांसपोर्टेशन हब का भी काम करता है। हाल के सालों में सड़क के संकरे होने से जो हादसे हुए हैं। अब उन पर रोक लगेगी। किसानों से बातचीत के बाद इस ग्रीनफील्ड फोर-लेन रोड प्रोजेक्ट पर काम तेज किया जा रहा है।

### एक हजार किसान करने वाले थे उज्जैन कूच

उज्जैन-इंदौर और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड रोड का विरोध कर रहे करीब 1,000 किसान बुधवार को राशन और बिस्तर लेकर उज्जैन पहुंचने वाले थे। वे 150 से ज्यादा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ कलेक्ट्रेट घेरने और अनिश्चितकालीन धरना देने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच मुख्यमंत्री ने किसानों को मिलने और बातचीत करने के लिए बुलाया। हाल ही में यह दूसरी बार है जब सरकार किसानों के आगे झुकी है। इससे पहले, उज्जैन लैंड पूलिंग एक्ट को लेकर सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा था। किसान नेता राजेश सोलंकी ने कहा कि किसानों ने अनिश्चितकालीन धरने की तैयारी की थी, लेकिन प्रशासन के बातचीत शुरू करने के बाद विरोध कुछ समय के लिए रोक दिया गया। मीटिंग का नतीजा अच्छा रहने के बाद, किसान नेताओं ने दूसरे किसानों को उज्जैन में घुसने से रोक दिया।उन्होंने बताया कि कलेक्टर ने भरोसा दिलाया था कि जावरा-उज्जैन ग्रीन फील्ड रोड से प्रभावित किसानों को उज्जैन-इंदौर रोड के किसानों जितना ही मुआवजा मिलेगा।

## खबर एक नजर...

### बड़नगर में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा भव्य शिव जयंती महोत्सव आयोजित

**बड़नगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिव जयंती महोत्सव के अंतर्गत संगम चौराहा स्थित बड़नगर सेवा केंद्र पर भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तहसीलदार रूपाली जैन, विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष बहन अनीता सतीश वर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रतलाम से पधारी राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने की।

मुख्य अतिथि तहसीलदारजैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भावनाओं और संकल्पों में सकारात्मक परिवर्तन कर जीवन की अनेक परिस्थितियों को बदला जा सकता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान के संपर्क में आने के बाद वे प्रतिदिन प्रातः सकारात्मक संकल्प के साथ दिन की शुरुआत करती हैं। सकारात्मक सोच से वातावरण प्रभावित होता है और दिन श्रेष्ठ बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने की। उन्होंने कहा कि शिव भोलेनाथ संपूर्ण सृष्टि के नियंता होते हुए भी एक स्थान पर स्थित रहकर समस्त चराचर जगत को गतिशील बनाते हैं। परमात्मा की स्मृति में रहकर किए गए कर्म जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान करते हैं। जागरण का अर्थ सजगता से कार्य करना है। बेलपत्र के तीन पत्ते सृष्टि के स्थापना, पालन और विनाश के कर्तव्यों का प्रतीक हैं, तथा शिवलिंग पर त्रिपुंड तीनों लोकों के स्वामित्व का संकेत देता है। विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष बहन वर्मा ने कहा कि मातृशक्ति यदि परमात्मा की स्मृति में रहकर भोजन बनाती है तो वह भोजन प्रसाद रूप बनकर परिवार में श्रेष्ठ संस्कारों का संचार करता है। नामली से पधारी पार्वती दीदी ने शिव जयंती की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ तीन मिनट की परमात्म स्मृति से किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं दुपट्टे से ब्रह्माकुमारी नीलम बहन एवं आरती बहन द्वारा किया गया।

# ट्रेड डील के विरोध में करेंगे जनजागरण, शांतिपूर्ण विरोध का लिया संकल्प

### लामबंद हुई युवा कांग्रेस, गांधी प्रतिमा के समक्ष बनाई आंदोलन की रणनीति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जिला युवा कांग्रेस सचिव रवि यादव के नेतृत्व में क्षीरसागर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष ट्रेड डील के मुद्दे को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित युवा साथियों ने वर्तमान परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में ट्रेड डील के विरोध में जा रहे जनजागरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में बैठकें आयोजित करने, आमजन से सीधे संवाद स्थापित करने तथा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने की रणनीति बनाई गई। युवा कांग्रेस ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने एवं जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव नरेंद्र मालवीय, प्रदेश महासचिव अंकित यादव (विशु), महिदपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया, घटिया विधानसभा से शेर सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष देव कपूर, यशवंत चौहान, राहुल अखंड, अभिषेक भारद्वाज, स्वर शंकर जोशी, विजय केवड़ा, सारिक मस्तान और अन्य युवा कांग्रेस साथी उपस्थित थे।

# महाकाल मंदिर में आस्था पर टैक्स के विरोध में सड़कों पर उतरी यूथ कांग्रेस



### आरती के लिए 250 शुल्क थोपने पर आक्रोश, अर्पित यादव के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### गूंजे नारे, धर्म के नाम पर वसूली बंद हो

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में संध्या और शयन आरती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं पर 250 रुपये का शुल्क लगाने के विरोध में जिला यूथ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। यूथ कांग्रेस ने इसे ह्यआस्था पर टैक्सह्ण और ह्यधर्म का व्यवसायीकरणह्ण करार देते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है।

जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि भगवान और भक्त के बीच शुल्क की दीवार खड़ी करना न्यायसंगत नहीं है। विरोध प्रदर्शन के पश्चात यूथ कांग्रेस ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर नई व्यवस्था को तत्काल निरस्त करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस ने प्रशासन के समक्ष प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि संध्या आरती और शयन आरती के लिए निर्धारित 250 का शुल्क तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। साथ ही सामान्य श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह से दर्शन की व्यवस्था पुनः प्रारंभ की जाए। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि दर्शन के नाम पर हो रहे व्यापार को बंद कर आम श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए, क्योंकि आस्था पर किसी भी प्रकार का टैक्स बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सीजन में पहली बार दिन का तापमान 33.5 डिग्री पर पहुंचा

**उज्जैन।** फरवरी की विदाई के साथ सर्दी भी विदा हो रही है। यही कारण है कि दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होने लगी है। सीजन में पहली बार बुधवार को दिन का पारा 33.5 डिग्री पर पहुंच गया। 24 घंटे में इसमें 0.9 डिग्री की वृद्धि हुई है। सुबह की शुरुआत हल्की ठंड के साथ हुई। बादल छाए रहे। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार बुधवार को न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री दर्ज किया, जो कि मंगलवार के न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से 1.5 डिग्री ज्यादा है। हवा की रफ्तार सुबह शून्य और शाम को 6 किलोमीटर प्रति घंटा रही। दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी हैं। मौसम विभाग के अनुसार नर्मदापुरम में न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री, आगर में 17.9, सागर में 17.4, गुना में 16.6 और उज्जैन में 16.5 डिग्री रहा।

# हिन्दू महासम्मेलन में महिला की सुरक्षा के लिए यंत्र बांटे

### ओजस्वनी हिम्मत वायर से रक्षा कर सकेगी महिलाएं, स्कूल-कॉलेज में सेल्फ प्रोटेक्शन की ट्रेनिंग दी जाएगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




बुधवार को हिंदू महासम्मेलन के समापन पर छेड़छाड़ से बचने के लिए 40 महिला कार्यकर्ता को ओजस्वी यंत्र बांटे गए। सम्मेलन में देश भर में एक लाख वेलनेस सेंटर खोले जाने की घोषणा भी की गई। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक डॉ प्रवीण तोगड़िया ने बताया कि इस प्रोटेक्शन यंत्र इससे महिलाएं सुरक्षित रहेंगी। इसका बटन दबाते ही 200 लोगो को करंट का झटका लग सकता हैं। लेकिन महिलाओं के लिए यह ऐसा हथियार है जो पर्स में रख सकती हैं।स्कूल कालेज में निशुल्क सेल्फ प्रोटेक्शन की ट्रेनिंग दी जाएगी, ओजस्वनी हिम्मत वायर और चिली स्प्रे, दो यंत्र युवतियों को दिए जाएंगे।

क्षिप्रा नदी के पास बड़ा उदासीन अखाड़े के शहनाई गार्डन में राष्ट्रीय हिन्दू परिषद संस्थापक प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में हिंदू महा सम्मेलन की शुरूआत की गई थी। इस दो दिवसीयआयोजन में देश भर से हजारों लोग शामिल हुए। इसमें हनुमान चालीसा के पाठ के साथ लोगो को स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। बुधवार दोपहर हिंदुत्व एकता के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान तोगड़िया ने महिलाओं को ओजस्विनी यंत्र वितरित किए।

ये यंत्र देश भर की एक लाख महिलाओं को बांटने का संकल्प कार्यक्रम के दौरान लिया गया। कार्यक्रम में उसका डेमो कर बताया। यह रिचार्जेबल यंत्र संगठन ने बनाया है। डॉ तोगड़िया ने बताया कि यह यंत्र गुजरात के उद्योगपति ने बनाया है। इसका नाम ओजस्विनी हिम्मत वायर रखा है। इसकी कीमत 800 रुपए है, लेकिन सम्मेलन में 600 रुपए में दिया गया।

डॉ तोगड़िया ने कहा कि लोगो को स्वस्थ रखने के पूरे देश में एक लाख वेलनेस सेंटर खोले जाएंगे। जिसमें उन्हें हिंदुत्व एकता के साथ स्वस्थ रहने के गुर सिखाएंगे। आज से ह्यहिंदू ही आगेह्ण महासम्मेलन का शुभारंभ हुआ है। इसमें देशभर के कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। आयोजन में एक लाख हनुमान चालीसा पाठ, गुरु प्रमाण और ऑडियो हनुमान चालीसा के माध्यम से एक करोड़ हिंदू परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य है। आगामी चरणों शहरों में एकत्रित सामग्री को आदिवासी क्षेत्रों में वितरित किया जाएगा और सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।, दो दिवसीय कार्यक्रम क्षिप्रा नदी के पास बड़ा उदासीन अखाड़ा परिसर में आयोजित हुआ। समापन के अवसर पर महिलाओं को ओजस्विनी हिम्मत वायर नामक रिचार्जेबल यंत्र वितरित किया गया।

## खबर एक नजर...

### नीतेश जोशी जय के नए कविता संग्रह तुम्हारे लिए को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**बड़नगर।** नगर के प्रसिद्ध साहित्यकार नीतेश जोशी के नए कविता संग्रह तुम्हारे लिए को अंतरराष्ट्रीय एमिली डिस्कन पुरस्कार प्राप्त हुआ है । बुकलिफ पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित यह कविता संग्रह जोशी की 21 प्रेम कविताओं का साझा संकलन है। जिसको अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। पूर्व में भी साहित्यकार जोशी का सम्मान कई संस्थाओं के द्वारा किया गया है । ज्ञात रहे साहित्यकार नीतेश जोशी साहित्य क्षेत्र में मध्य भारत का ऐसा सशक्त और प्रतिष्ठित नाम हैं, जिन्हें किसी औपचारिक परिचय की आवश्यकता नहीं है। वे एक ठेठ संस्कारित एवं साहित्यिक परिवार की पृष्ठभूमि से आते हैं, जहाँ शब्द केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि संस्कार और संवेदना का माध्यम रहे हैं। पारिवारिक वातावरण में प्राप्त साहित्यिक संस्कारों ने उनके रचनात्मक व्यक्तित्व को गहराई, संतुलन और भावनात्मक प्रामाणिकता प्रदान की है। तुम्हारे लिएङ्घयह कविता-संग्रह प्रेम की उन अनुभूतियों का संकलन है, जो जीवन के कठिन संघर्षों और अनकहे क्षणों के बीच सहसा प्राप्त होती हैं। यह वह कोमलता है, जो हृदय की आंतरिक गहराइयों में चुपचाप बस जाती है।

# 31 मार्च से पूर्व अपना सम्पत्तिकर जमा कर असुविधा से बचे करदाता - आयुक्त अभिलाष मिश्रा

## 31 मार्च तक कर जमा नहीं कराने पर 1 अप्रेल से दोगुना भरना पड़ेगा सम्पत्तिकर

### घर-घर पहुंच कर सम्पत्तिकर वसूल रहे निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासन नियमानुसार सम्पत्तिकर दाता को चालु वित्तीय वर्ष 2025-26 का सम्पत्तिकर 31 मार्च 2026 तक जमा करवाया जाना अनिवार्य है 31 मार्च तक कर जमा नहीं कराने पर 1 अप्रेल से दोगुना सम्पत्तिकर जमा करना पड़ेगा।

आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा सम्पत्तिकर दाताओं से अनुरोध किया है कि जिनके द्वारा चालु वित्तीय वर्ष 2025-26 का सम्पत्तिकर अभी तक जमा नहीं करवाया गया है वे 31 मार्च तक नगर निगम के सम्बंधित झोन कार्यालय अथवा ऑन लाईन घर बैठे अपना सम्पत्तिकर अनिवार्य रूप से जमा कराएं अन्यथा शासन नियमानुसार 1 अप्रेल से लगने वाले दोगुना सम्पत्तिकर का भुगतान करना पड़ेगा। करदाताओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के समस्त झोन कार्यालयों को अवकाश के दिनों में भी खोला जा रहा है ताकि करदाता सुविधा पूर्वक अपना कर जमा करा सके इसके साथ ही हमारे सहायक सम्पत्तिकर अधिकारियों द्वारा भी घर घर पहुंचकर तथा वार्डो में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाकर कर जमा किया जा रहा है। नागरिक 31 मार्च से पूर्व अपना सम्पत्तिकर जमा कराकर शहर विकास में अपना सहयोग करें तथा दोगुना कर एवं निगम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचे।

बुधवार को जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया जाकर बड़े बकायदारों से राशि जमा करने की कार्यवाही की गई। जिसके अन्तर्गत हरीफाटक महाकाल मार्ग श्रीमती हाजरा बी पति मोहम्मद हुसैन से राशि रुपए 1.40 लाख का चेक प्राप्त किया गया, श्री हुसैन अहमद पिता जमील अहमद, हरी फाटक ब्रिज के पास बेगमबाग कालोनी से पार्ट राशि 51000 का चेक प्राप्त किया गया। कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी भारत मालवीय वार्ड निरीक्षक राजेश नरवरे एवं निशाद धारकर जयंत सिंह सिसोदिया, अरविन्द टाकले, मुकेश वर्मा, प्रेम मालवीय विजय मालवीय मौजूद रहे।

### सिंहस्थ क्षेत्र से निगम अमले ने हटाया 5 अवैध निर्माण, जिला प्रशासन के सहयोग से की गई कार्यवाही

बुधवार को नृसिंहघाट से लालपुल तक सिंहस्थ आरक्षित भूमि पर बिना अनुमति अवैध रूप से निर्माण करने वालों पर नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की गई। सुबह 7 बजे से आरंभ की गई कार्यवाही अन्तर्गत नगर निगम अमले द्वारा नृसिंहघाट से लालपुल के मध्य शंकराचार्य मठ स्वामी पुण्यानंदगरी, श्री माधवानंद आश्रम, श्री क्षेत्रिय कलोता समाज, अखिल भारतीय चन्द्रवंशी बागरी समाज एवं भूमि माता के सामने इंद्रेव महाराज आश्रम द्वारा सिंहस्थ आरक्षित भूमि पर बिना अनुमति किये हुए अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर, एस डी एम एल एन गर्ग, तहसीलदार शेफाली जैन, सहायक आयुक्त श्री प्रवीण मुकाती, श्री प्रदीप सेन, सहायक यंत्री दीपक शर्मा, उपयंत्री राजेंद्र रावत सहित निगम कर्मी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

### निमार्णाधिन नालियों में जमा मलबो को साफ करने के दिए निर्देश

निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा बुधवार को कोयला फाटक से निजातपुरा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आपने सहायक यंत्री श्री डीएस परिहार को निर्देशित किया कि कोयला फाटक के यहां डीएलसी का कार्य पूर्ण किया जाए, चौड़ीकरण मार्ग पर निर्माण की गई नालियों में से मलबा हटाया जाकर नालियों की पूर्ण रूप से साफ सफाई करवाई जाए।

### डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर हुआ मालवीय, डाबी और चोहान का स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

सर्व समाज के संगठनों द्वारा 24 फरवरी मंगलवार को बड़नगर की तीन प्रतिभाओं मदनलाल मालवीय ,गणपत लाल डाबी और प्रवीण चोहान को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम भारतरत्न डॉ. बी आर अंबेडकर की प्रतिमा कर सम्मानित हो रहे तीनों प्रतिभाओं ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी आत्माराम चोहान द्वारा तीनों को पगड़ी बांधकर तथा उपस्थित सभी संगठनों ने प्रतिभाओं को माल्यार्पण कर समाज कल्याण हेतु शुभकामनाएं दी। प्रतिमा स्थापना समिति अध्यक्ष व डोमा परिसंघ प्रदेश महासचिव जेके मालवीय ने बताया कि मदनलाल मालवीय को अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली में प्रदेश सचिव, गणपतलाल डाबी को भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री और प्रवीण चोहान को सेवियर सम्मान से मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किये जाने पर सभी सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप में परिसंघ तहसील अध्यक्ष ललित वर्मा,एस सी, एस टी, ओबीसी, गरीब वर्ग जिलाध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम सोनगरा, भारतीय दलित साहित्य अकादमी जिलाध्यक्ष मोहनसिंह चोहान, अजाक्स के संभागीय संयुक्त सचिव रतन गोयल एवं हरिराम डाबी, भाजपा ग्रामीण मंडल पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष बद्रीलाल चैधरी, ग्रामीण मंडल महामत्री प्रेम कुमार गुजरवाडिया, रविदास समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संजय, डॉ. संतोष बारोड़ बलाई समाज कल्याण समिति के रमेश चैहान द्वारा सम्मानित किया गया। बाद में उपस्थित संगठनों के पदाधिकारियों ने एक एक कर शुभकामनाएं दी बाद में सम्मानित होने वाले गणपत लाल डाबी ने कहा संगठन ने जो भरोसा मुझपर जताया है मैं उसके लिए आभारी हूं और अपने अनुसूचित वर्गों के हित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दूंगा वहीं मदनलाल मालवीय ने कहा कि संविधान और उसके निहित अधिकारों के लिए मैं हमेशा साथ खड़ा हूं.

# ओलावृष्टि से तबाह किसानों की पीड़ा पर कांग्रेस का आक्रोश

### पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने गरजते हुए कहा -अन्नदाता आत्महत्या को मजबूर, शासन मौन क्यों?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर



विधानसभा क्षेत्र बड़नगर में हाल ही में हुई अधिक वर्षा, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह नष्ट हो गई। इस गंभीर स्थिति को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी बड़नगर, सेवादल, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, मण्डलम कमेटी, सेक्टर कमेटी, जनपद सदस्यगण, पार्षदगण, सरपंचगण सहित 218 विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों किसानों ने पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की उपस्थिति में स्थानीय कोर्ट चौराहा से रैली निकालकर दो घंटे तक एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और धरना प्रदर्शन कर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराते हुए किसानों की समस्याओं का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी धीरेंद्र परासर को सौपा ।

धरना स्थल पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने किसानों की समस्याओं को बुलंदी से रखते हुए कहा कि ह्वओलावृष्टि से गेहूँ और लहसुन की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। एक माह पूर्व भी बारिश से फसलें नष्ट हुई थीं, लेकिन आज तक न तो सर्वे हुआ और न ही मुआवजा राशि किसानों को मिली। स्थिति इतनी भयावह है कि अन्नदाता आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है। यदि शासन ने शीघ्र राहत व मुआवजा बीमा राशि नहीं दी तो कांग्रेस कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरना देकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे।ह्व

साथ ही ज्ञापन में नगर की स्वास्थ्य, सुरक्षा और प्रशासनिक समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा गया । कजलाना स्थित नवनिर्मित अस्पताल की दूरी के कारण महिलाओं को प्रसूति में भारी असुविधा हो रही है। नगर में ही प्रसूति व्यवस्था एवं इमरजेंसी वार्ड की मांग की गई।ऑक्सीजन प्लांट नगर में ही स्थापित है, जिसका लाभ तभी संभव है जब मुख्य सेवाएँ नगर में संचालित हों।, सीसीटीवी कैमरे और सूचना प्रसारक स्पीकर लंबे समय से बंद हैं, जिससे अवैध गतिविधियाँ बढ़ रही हैं। इन्हें तत्काल चालू करने की मांग की गई।, नामांतरण के मामले महीनों से लंबित हैं, जिनके शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश देने की मांग की गई।, मनरेगा योजना का नाम बदलने का विरोध करते हुए जनभावनाओं का सम्मान करने की अपील की गई।, नगर में दूषित पेयजल वितरण से बीमारियां फेल रही है किन्तु शासन-प्रशासन मोन रहकर बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है । नगर की यातायात व्यवस्था सुधारने, आवारा पशुओं की समस्या हल करने और प्रधानमंत्री सड़क योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर सड़कों की मरम्मत की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। इस धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरेशी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, प्रवीण बिलाला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, नेता प्रतिपक्ष अजहरउद्दीन, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, सरपंच गोपालसिहं गेहलोत, रामेश्वर बैरागी जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, पूर्व खरसौदकलां ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्रसिंह राठौर, पूर्व सेवादल अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बद्रीलाल आचार्य, युवा कांग्रेस इंगोरिया ब्लाक अध्यक्ष राहुल सोलंकी, बड़नगर ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण वड्ढा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द माली, हुकुमचन्द हारोड़, दौलत चौधरी, चरणजीतसिंह सलुजा, पवन प्रजापत, उमाशंकर मेहता, अंसारअली, मुकद्दर पटेल, उमरावसिंह गुर्जर, सरफु भाई, वनीषराज कटारिया, जितेन्द्र गुर्जर,पूर्व पार्षद चांद खा, नरेंद्र राठौड़, नानूराम गरवाल, बलरामसिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए ।

# 45 साल से मूक-बधिर महिला को मिली 'बोलने' की उम्मीद, वैद्य ने शुरू किया निशुल्क उपचार

### मरीजों की भारी भीड़ को देखते हुए नाड़ी परीक्षण शिविर 1 मार्च तक बढ़ा, इंदौर का कैंप निरस्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी में चल रहे निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर में मानवता और चिकित्सा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। एलोपैथी से निराश असाध्य रोगों के मरीजों को यहाँ आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से राहत मिल रही है। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि छोटी धाबरी निवासी 45 वर्षीय अनीता त्रिपाठी का मामला रहा, जो जन्म से न बोल सकती थीं, न सुन सकती थीं।

छोटी धाबरी निवासी मनोहर त्रिपाठी अपनी बहन अनीता त्रिपाठी को लेकर शिविर में पहुंचे थे। अनीता पैरों के दर्द से परेशान थीं और जन्म से मूक-बधिर हैं। 'महाकाल वन मेला 2026' (जबलपुर) के प्रथम पुरस्कार विजेता वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने न केवल उनके पैरों के दर्द का निवारण किया, बल्कि उनकी बोलने और सुनने की क्षमता वापस लाने के लिए तीन साल का महंगा कोर्स पूरी तरह निशुल्क प्रदान किया। मनोहर त्रिपाठी ने भावुक होकर बताया कि 45 सालों में जो नहीं हुआ, अब उसकी उम्मीद जगी है। वैद्य ने इलाज के पैसे लेने से यह कहते हुए मना कर दिया कि सब कुछ पैसा नहीं होता। उन्होंने आश्वस्त किया है कि तीन महीने के भीतर ही सकारात्मक परिणाम दिखने शुरू हो जाएंगे।

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल पिछले 25 वर्षों से बिना किसी जांच रिपोर्ट के केवल नाड़ी देखकर रोगों का सटीक निदान कर रहे हैं। शिविर में कई चमत्कारिक परिणाम सामने आए हैं। नगरकोट निवासी तीन पुत्रों को खो चुकीं और आर्थिक तंगी से जूझ रही लीला बाई गंभीर दर्द और शुगर से पीड़ित थीं, जिन्हें निशुल्क दवा मिलने के बाद अब चलने-फिरने में सक्षम हैं। उनके लकवाग्रस्त पुत्र का इलाज भी निशुल्क करने का आश्वासन दिया गया है। वहीं, गांधी नगर निवासी अजय प्रजापत 6-7 माह से मेरुदंड और कमर दर्द से परेशान थे, जिन्हें मात्र एक दिन की दवा से पूर्ण आराम मिला। सिंधी कॉलोनी निवासी शालिनी के पैरों का गैंग्रीन और शुगर एक सप्ताह के इलाज से नियंत्रित हो गया, जबकि जन्म से दोनों पैरों से दिव्यांग अली मोहम्मद को भी दर्द से बड़ी राहत मिली है।

# भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन की बैठक संपन्न

### मांगों को लेकर आज कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर



भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन की एक बैठक मंगलवार को किला प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश सचिव राहुल मालवीय, जिलाध्यक्ष पंकज डूंगरिया एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बैठक को संबोधित करते हुए राहुल मालवीय ने

कहा कि मध्य प्रदेश के सभी विभागों में काम करने वाले ठेका कर्मचारी आउटसोर्स कर्मचारी को हरियाणा सरकार की तर्ज पर निगम मंडल आयोग बनाकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए एवं जीवन निर्वाह लायक वेतन मिले। इस मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में चल रहा है। आंदोलन अंतर्गत मंगलवार को तहसील की बैठक संपन्न हुई। कर्मचारी जल्दी ही भोपाल में शक्ति प्रदर्शन करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इसी क्रम में 25 फरवरी बुधवार को भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय आव्हान पर समस्त विभाग कर्मचारी इकट्ठा होकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उज्जैन में जिला कलेक्टर को सौंपेंगे। जानकारी तहसील अध्यक्ष राम राठौर ने दी।

## खबर एक नजर...

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किए महाकालेश्वर और अंगारेश्वर दर्शन

**उज्जैन।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया बुधवार सुबह महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। उन्होंने नंदी हॉल से दर्शन लाभ लिए। नंदीश्वर भगवान को जल अर्पित किया। इसके बाद भगवान वीरभद्रजी एवं महाकालेश्वर ध्वज चल समारोह में निकाले जाने वाले ध्वज का पूजन किया। मंदिर समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने स्वागत किया। वसुंधरा राजे ने कहा कि राजस्थान के लोग बड़ी संख्या में महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। भगवान महाकाल का हम सब पर आशीर्वाद रहा है। सुख-दुःख में हम भगवान शिव के पास आते हैं। अंगारेश्वर महादेव का पंचामृत अभिषेक किया : वसुंधरा राजे ने अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान का पंचामृत अभिषेक, पूजन किया। पूजन मंदिर के पुजारी पंडित मनीष अर्जुन उपाध्याय ने करवाया।

### होलिका दहन के अगले दिन नहीं उड़ेंगे अबीर-गुलाल

**उज्जैन।** 2026 में होली की तारीख को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। 122 साल बाद ऐसा संयोग बना है जब होलिका दहन के अगले दिन रंग नहीं खेला जाएगा। इस बार त्योहार पर ग्रहण का साया है, जिसके चलते तिथियों में बदलाव किया गया है। ज्योतिषाचार्य डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के अनुसार 2026 में रंगों की होली (धुलेंडी) 4 मार्च बुधवार को मनाई जाएगी। वहीं होलिका दहन 2 मार्च, सोमवार को किया जाएगा। डॉ. शुक्ला ने बताया होलिका दहन के अगले दिन धुलेंडी मनाई जाती है, जो इस बार 3 मार्च को होनी थी। लेकिन इस दिन सिंह राशि में खग्रास चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है।

### शिक्षा, संगठन और समाज उत्थान के लिए निरंतर कार्य करें-गौतम टेटवाल

**सारंगपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर मऊ में संत शिरोमणि गुरु रविदासजी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने सम्मिलित होकर श्रद्धापूर्वक नमन किया। आदर्श मेघवाल (जांगडा) समाज विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं की सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कार्यक्रम का संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदासजी ने अपने जीवन और वचनों के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का अमर संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध विचार मन चंगा तो कठौती में गंगा हमें आंतरिक शुद्धता, सदाचार और सकारात्मक चिंतन का मार्ग दिखाता है। राज्यमंत्री ने कहा कि संतश्री ने जाति-पांति और भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हम सभी का दायित्व है कि उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा, संगठन और समाज उत्थान के लिए निरंतर कार्य करें। इस अवसर पर मेघवाल समाज महासंघ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भवानी शंकर वर्मा, जगदीश वर्मा, मऊ सरपंच रईस मंसूरी, पड़ाना सरपंच गोकुल दुगारिया, अशोक वर्मा, परमानंद वर्मा, अनार सिंह वर्मा, रामचंद्र जलालिया, राजेश रातलिया, मुकेश मेघवाल, रामचंद्र पटोदिया, डॉ. बालू सिंह, सिद्धनाथ वर्मा सहित समाज के प्रांत एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**कानड़।** आगामी त्योहारों को लेकर सोमवार को पुलिस थाना परिसर में शांति समिति के बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी पर्व होली ,रंग पंचमी ईद व रामनवमी और अनेक पर्व को लेकर अधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने चर्चा की वही बैठक में अहम निर्णय लिया गया कि 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही है गृह मंत्रालय के निर्देश अनुसार डीजे प्रतिबंध किया गया है।

# पानी जैसी दाल जली रोटी, बेस्वाद खिचडी फिर भी पोषण आहार में लाखों रुपए खर्च

### आंगनबाड़ी में मासूमों को परोस रहे ठंडा भोजन, नाश्ता भोजन दे रहे एक साथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

लाखों रुपए की पोषण योजना, लेकिन आंगनबाड़ियों में मासूमों की थाली ठंडी है। जिन बच्चों के लिए सरकार पोषण और स्वास्थ्य के नाम पर पैसा पानी की तरह बहा रही है, उन्हें नाश्ता और भोजन एक साथ थमा कर औपचारिकता पूरी की जा रही है। केंद्रों पर समूह के माध्यम से सुबह नाश्ता और भोजन एक ही साथ पहुंचाया जा रहा है। जिसे बच्चों को करवाया जाता है। नाश्ते के एक घंटे बाद बच्चों को भोजन दिया जाता है। ऐसे में भोजन ठंडा हो जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने का समय सुबह 9 बजे है। इसके बाद केंद्रों पर 10:30 से 11:30 बजे के बीच भोजन भोजन में दाल, रोटी, चावल दी गई। केंद्र के कार्यकताओं ने बताया कि सुबह नाश्ता और भोजन एक साथ आता है। पहले बच्चों को नाश्ता देते हैं। इसके बाद भोजन दिया जाता है। मजबूरी में पहले बच्चों को नाश्ता पहुंचता है। शहर की अधिकांश आंगनबाडी केंद्र पर सुबह



11:15 बजे भोजन पहुंचा।

### शहर में 130 से ज्यादा समूह को जिम्मेदारी

पूरे परियोजना में 271 आंगनबाडी केंद्र हैं। वहीं शहरी क्षेत्र 56 की बात करें तो शहर में ज्यादातर आंगनबाडी केंद्र पर समूह संचालकों द्वारा ही भोजन पहुंचाने की जिम्मेदारी है। जहां समूह के माध्यम से 8 से 10 हजार के बच्चों को भोजन पहुंचाया जाता है। वैसे तो पूरे तहसील में। टोटल बच्चे 13 हजार 544 दर्ज हैं, लेकिन करीब 8 से 10 हजार बच्चे केंद्र पर आते हैं।

विभाग के अनुसार बच्चों की संख्या के हिसाब से समूह को भुगतान होता है। औसत रूप से एक माह का एक समूह को भुगतान करीब 2 से 3 हजार से रुपए का होता है। इस प्रकार के शहरी क्षेत्र में समूहों को बच्चों की संख्या से हिसाब से औसत रूप से 1 से डेढ़ लाख रुपए प्रतिमाह का भुगतान होता है।

### पहले लगाई गई थी फटकार नहीं हुआ सुधार

कुछ माह पहले भी एसडीएम रोहित बम्होर ने विभाग के अधिकारियों को इस लापरवाही को लेकर फटकार लगाकर केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उसके बाद भी व्यवस्था में बदलाव नहीं हुआ है। कई बार तो केंद्रों भोजन की गुणवत्ता भी ठीक नहीं रहती है।

### इसलिए समस्या, बचत के फेर में एक साथ भेजते हैं

भोजन से लेकर उसे केंद्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी समूह की होती है। लेकिन समूह वाले एक ही वाहन से संबंधित केंद्रों तक पहुंचाते हैं। जिससे केंद्रों तक पहुंचने में समय लगता है। साथ ही बचत के चक्कर में वे एक ही वाहन से नाश्ता और भोजन भेजते हैं।

### 365 दिन निरीक्षण का दावा, फिर भी ये हाल

शहरी ब्लॉक क्षेत्र में केंद्रों को अलग अलग हिस्सों में बांटा गया है। शहरी क्षेत्र में जिम्मेदारों का दावा है कि प्रतिदिन सुपरवाइजर भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य मॉनिटरिंग करती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि रोज देखरेख के बाद भी नाश्ता और भोजन एक साथ केंद्रों पर पहुंच रहा है।

## किराए के मकान से 1886 किलो ड्रग्स बनाने का केमिकल जप्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वायडी नगर थाना क्षेत्र के एक मकान से भारी मात्रा में ड्रग्स बनाने का संदिग्ध केमिकल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में टीम ने विजय हाउसिंग सोसायटी स्थित एक मकान पर छापा मारकर करीब 1886.6 किलोग्राम केमिकल जप्त किया।




यह कार्रवाई मकान मालकिन द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद की गई, जिन्होंने अपना मकान प्रतापगढ़ निवासी श्रेयांस मोगरा को किराए पर दिया था। जानकारी के अनुसार, मकान मालकिन ललिता जैन ने पुलिस को आवेदन देकर अपना मकान वापस सुपुर्दगी में दिलाने की मांग की थी। जब उपनिरीक्षक हेमंत शर्मा की टीम ने मौके पर पहुंचकर ताला तोड़ा, तो अंदर रखे नीले, हरे और पीले ड्रमों से रसायनों की तीक्ष्ण गंध आ रही थी। जांच करने पर इन ड्रमों में मादक पदार्थ विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाला तरल संदिग्ध केमिकल पाया गया।

### गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के पैदल यात्रा करने वाले संत का किया स्वागत

**महिदपुर रोड।** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले इस उद्देश्य को लेकर महाकालेश्वर उज्जैन से राजस्थान स्थित तनोट माता के मंदिर तक की पैदल यात्रा के संकल्प के साथ निकले संतोष त्रिवेदी का महिदपुर रोड आगमन पर नगर के विभिन्न समाज जनों ने उनका स्वागत करते हुए उनके पावन उद्देश्य को नैतिक समर्थन दिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कमल सिंह पवार मंडल अध्यक्ष गुरु चरण सिंह चौहान दशरथ राठौर आदि मौजूद थे।

## श्री देव वासुकी नाग मंदिर में आयोजित भंडारे में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कायथा

अति प्राचीन प्रसिद्ध श्री देव वासुकी नाग मंदिर काली कराड़ कायथा मे प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 22 फरवरी को जनसहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



इसके पूर्व 21 फरवरी को रात्रि जागरण भजन संध्या ग्राम होशियारी की प्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति से भक्ति का वातावरण बनाया, रविवार को सुबह 8 बजे उज्जैन के पंडित राहुल मेहता, पं. इंद्रजीत मेहता पं. हर्ष नागर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से श्री देव वासुकी नाग महाराज का दुग्धाभिषेक किया गया सुबह 10 बजे से खेड़ापति सरकार भक्त मंडली मक्सी द्वारा संगीत मय सुंदर काण्ड का पाठ किया गया जिसमें मुकेश भावसार द्वारा मधुर भजनों को सुनकर भक्तजन जम कर थिरकने लगे इस स्थान पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला अवसर था मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य धार्मिक अनुष्ठान का, जिसमें नगर कायथा सहित आस पास के गाँव तथा दुर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने देव दर्शन किए धार्मिक अनुष्ठान के संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया मंदिर परिसर के बाहर आस्था वानो की कतारें देखी गईं, जहाँ श्रद्धालुओं ने अत्यंत अनुशासन के साथ प्रसाद ग्रहण किया सेवादारों की टोली सुबह से ही व्यवस्थाएं संभालने में जुटी रही ताकि दूर-दराज से आए भक्तों को कोई असुविधा नहीं हो कायथा बल्कि आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया उपस्थित लोगों मे हुकम चंद राठौर ने बताया कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में शांति और खुशहाली आती है तथा आपसी भाईचारा मजबूत होता है यहा बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म व समाज वर्ग के लोग देव दर्शन कर समरसता भोज मे सम्मिलित हो कर रसमयी प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं सतत 14 वर्षो से यह आयोजन जन सहयोग से किया जा रहा है शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा मंदिर के पुजारी पंडित बंशीधर मेहता,जयराम चोहान, राधेश्याम पण्डा जी द्वारा आरती की गई आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया

### नेत्रदान का निर्णय कर समाज में मिसाल कायम की

**खाचरौद।** लालचंद नरसिंह सेन राठौर के आकस्मिक निधन का समाचार दु:खद है। इस कठिन समय में उनके परिवारजनों द्वारा नेत्रदान जैसा महान एवं प्रेरणादायी निर्णय लेकर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की गई। परिवार में उनके पुत्र दीपक सेन, संजय सेन एवं यश जी सेन द्वारा लिया गया यह पुण्य निर्णय पूरे खाचरोद के सेन समाज के लिए गर्व का विषय है। इस सराहनीय कार्य की नगर में भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है यह नेत्रदान का पावन कार्य जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद के प्रयासों से एवं गीता भवन न्यास समिति के डॉक्टर दद्रवाल एवं उनकी टीम की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि विक्रेतागण 01 स्वालेहा बी पति मोहम्मद सलीम 02 शेख अवेश पिता मोहम्मद सलीम निवासीगण कार्तिक चोक बाड़ी 13, विश्वकर्मा गौड़ समाज धर्मशाला पानदरीबा उज्जैन, से उनके स्वामित्व एव अधिपत्य की कृषि भूमि । खुली भूमि सर्वे नंबर 364/1, रकबा 0.8880 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 364/2 रकबा 0.520 हेक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 0.9400 हेक्टेयर व भूमि सर्वे नंबर 428 रकबा 0.4910, सर्वे नंबर 430 रकबा 0.0840, सर्वे नबर 431 रकबा 0.4180 हेक्टेयर कुल किता 03 कुल रकबा 0.9930 हेक्टेयर स्थित मोहनपुरा तहसील व जिला उज्जैन को कय करने का करार करते हुवे सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया गया है यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो तो ऐसी उज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें। बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लेवेगे और तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांकः 25.02.2026

**गौरव गोदावत (जैन), एडवोकेट**
**दुकान नंबर डीएफ-7, भरतपुरी शापिंग**
**काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99260-68606**



# मां बनने के बाद कटरीना की पहली पब्लिक अपीयरेंस

### मास्क से चेहरा छिपाया, पैपराजी को किया वेव, 7 नवंबर को दिया बेटे विहान को जन्म

कटरीना कैफ मां बनने के बाद पहली बार पब्लिकली नजर आई हैं। एक्ट्रेस ने 7 नवंबर 2025 को बेटे को जन्म दिया था, इसके बाद से ही वो कहीं भी स्पॉट नहीं हुई हैं। लंबे समय बाद एक्ट्रेस पब्लिकली आईं, हालांकि इस दौरान उन्होंने मास्क से अपना चेहरा छिपा रखा था।

मंगलवार को कटरीना कैफ को सेलिब्रिटी पिलाटे ट्रेनर यासमिन कराचीवाला के साथ स्पॉट किया गया है। इस दौरान उन्होंने व्हाइट टी-शर्ट के साथ ब्लैक जैकेट पहन रखी थी। बंधें बालों में एक्ट्रेस ने ब्लैक मास्क से चेहरा छिपाया हुआ था। सामने आए वीडियो में एक्ट्रेस का वजन काफी बढ़ा हुआ लग रहा है। स्पॉटिंग के दौरान एक्ट्रेस ने मेकअप नहीं किया था। अचानक हुई स्पॉटिंग के बाद एक्ट्रेस कैमरों से बचती नजर आईं, हालांकि बाद में उन्होंने पैपराजी को वेव किया।

**विक्की कौशल ने कटरीना को कहा सुपरहीरो-** हाल ही में विक्की कौशल ने ई-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कटरीना कैफ के मदरहुड फेज पर बात की है। उन्होंने कहा-मां ही असली सुपरहीरो है। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान एक योद्धा की तरह मजबूती दिखाई है, और मां बनने के बाद भी वह उतनी ही मजबूत रही हैं। मुझे उन पर बेहद गर्व है, और मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं।

**7 नवंबर को दिया बेटे को जन्म, नाम रखा विहान-** कटरीना कैफ ने 7 नवंबर को बेटे को जन्म दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए लिखा था, हमारी खुशियों का पिटारा आ गया है।

### ईडी की चार्जशीट में बड़ा खुलासा

# 127 किलो सोना 102 करोड़ का, देश में तस्करी का आरोप

**कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव समेत तीन नामजद**





प्रवर्तन निदेशालय ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े कथित गोल्ड स्मगलिंग और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा खुलासा करते हुए विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत दाखिल कर दी है। ईडी का दावा है कि मार्च 2024 से मार्च 2025 के बीच एक संगठित सिंडिकेट ने 127.287 किलोग्राम विदेशी सोना भारत में तस्करी कर लाया, जिसकी अनुमानित कीमत 102.55 करोड़ रुपये है। एजेंसी के अनुसार इस पूरे नेटवर्क का संचालन सुनियोजित तरीके से किया गया और अवैध कमाई को हवाला और बैंकिंग चैनलों के जरिए वैध कारोबार के रूप में दिखाने की कोशिश की गई।

ईडी मुख्यालय की जांच इकाई-2 ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत बेंगलुरु की विशेष अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसमें हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव, तरुण कोंडुरु और साहिल सकारिया जैन को आरोपी बनाया गया है। एजेंसी का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं बल्कि एक व्यापक और संरचित तस्करी नेटवर्क से जुड़ा है, जिसमें सोने की विदेश में खरीद, भारत में अवैध आयात, घरेलू बाजार में नकद बिक्री और बाद में धन शोधन की बहुस्तरीय प्रक्रिया शामिल थी।

यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा 7 मार्च 2025 को दर्ज किए गए एक मामले पर आधारित है। सीबीआई ने यह प्राथमिकी राजस्व खुफिया निदेशालय की शिकायत के आधार पर दर्ज की थी। डीआरआई ने 3 मार्च 2025 को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रान्या राव को दुबई से लौटते समय रोका था। एजेंसी के मुताबिक उनके पास से 14.213 किलोग्राम 24 कैरेट विदेशी मूल का सोना बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 12.56 करोड़ रुपये आंकी गई थी। इसके बाद की गई तलाशी में उनके आवास से 2.67 करोड़ रुपये की अघोषित भारतीय मुद्रा और लगभग 2.06 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किए गए थे। ईडी का कहना है कि यह बरामदगी केवल एक कड़ी थी और आगे की जांच में यह सामने आया कि पिछले एक वर्ष में बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी की गई। एजेंसी के बयान के अनुसार तस्करी कर लाया गया सोना देश के विभिन्न हिस्सों में हैंडलरों और ज्वेलरों के नेटवर्क के जरिए बेचा गया। बिक्री से प्राप्त राशि नकद में जुटाई गई और उसे हवाला चैनलों के माध्यम से भारत और विदेशों में समायोजित किया गया। इसके बाद इन पैसों को कई बैंक खातों और फर्जी संस्थाओं के जरिए घुमाकर वैध व्यावसायिक लेन-देन का रूप देने की कोशिश की गई। जांच एजेंसी का कहना है कि इस प्रक्रिया में लेयरिंग और इंटीग्रेशन जैसे मनी लॉन्ड्रिंग के पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल किया गया। ईडी ने मई 2025 में इस मामले में छापेमारी भी की थी, जिसमें कई डिजिटल उपकरण, आपत्तिजनक दस्तावेज, भारतीय और विदेशी मुद्रा जब्त की गई। एजेंसी ने कई लोगों के बयान दर्ज किए हैं और वित्तीय लेन-देन के डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण किया है।



# प्रियंका चोपड़ा के दम पर टिकी द ब्लफ

### एक्शन है दमदार कहानी में नहीं दम


हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ एक पीरियड एक्शन ड्रामा के रूप में दर्शकों के सामने आई है, जिसमें समुद्री डाकुओं, बदले और रहस्यमयी अतीत की पृष्ठभूमि बुनी गई है। फिल्म नई कहानी पेश करने में भले ही बहुत आगे न बढ़ पाए, लेकिन प्रियंका चोपड़ा जोनस के सशक्त अभिनय और प्रभावशाली एक्शन दृश्यों के कारण यह दर्शकों का ध्यान खींचने में सफल रहती है। 3 स्टार रेटिंग के साथ यह फिल्म एक सीमित लेकिन मनोरंजक अनुभव प्रदान करती है।

फ्रैंक ई फ्लावर्स के निर्देशन में बनी यह फिल्म वर्ष 1846 की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी की शुरूआत कैप्टन टी एच बोडेन और उनकी टीम से होती है, जिन्हें निर्दयी समुद्री डाकू कैप्टन कॉनर बंधक बना लेता है। कॉनर को यकीन है कि उसका सोना उससे छीन लिया गया है और वह उसे वापस पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। जब बोडेन कोई जानकारी देने से इनकार करता है, तो कॉनर अपनी सेना के साथ केमैन ब्रैक द्वीप की ओर बढ़ता है, जहां बोडेन का परिवार रहता है। द्वीप पर बोडेन की पत्नी एरसेल, उनकी बहन एलिजाबेथ और बेटा इसाक रहते हैं। शुरूआत में एरसेल एक सामान्य मछुआरिन के रूप में दिखाई देती हैं, लेकिन जब कॉनर और उसके गुर्गे द्वीप पर हमला करते हैं, तब कहानी में बड़ा मोड़ आता है। एरसेल न केवल हमले का सामना करती हैं, बल्कि दुश्मनों को खत्म भी करती हैं। इसी दौरान यह रहस्य खुलता है कि एरसेल का अतीत एक पूर्व समुद्री डाकू के रूप में रहा है, जिसे ब्लडी मैरी के नाम से जाना जाता था। इसके बाद फिल्म बदले और टकराव की दिशा में आगे बढ़ती है। कहानी का ढांचा सीधा-सादा है और इसमें चौंकाने वाले ट्विस्ट या सस्पेंस की कमी साफ नजर आती है। दर्शक आसानी से अनुमान लगा सकते हैं कि आगे क्या होने वाला है।

# द केरल स्टोरी-2 रिलीज रोकने की याचिका पर सुनवाई

## प्री-स्क्रीनिंग और टाइटल बदलने से मेकर्स का इनकार, कोर्ट बोला- हम रोक लगा सकते हैं, अगली सुनवाई आज

फिल्म द केरल स्टोरी 2 विवादों में हैं। फिल्म रिलीज के खिलाफ राज्य की गलत छवि दिखाने के आरोप में याचिका दायर की गई थी। बुधवार को केरल हाईकोर्ट में इस याचिका की सुनवाई के दौरान मेकर्स को कोर्ट के लिए प्री-स्क्रीनिंग रखने का आदेश दिया गया, हालांकि मेकर्स ने ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया है। इसके अलावा फिल्ममेकर्स ने दलील में साफ कहा है कि वो फिल्म का टाइटल नहीं बदलेंगे। फिल्म का पूरा नाम द केरल स्टोरीः गोज बियॉन्ड है। इसमें गोज बियॉन्ड का अर्थ ही ये है कि फिल्म केरल तक सीमित नहीं है। याचिका की सुनवाई के दौरान मेकर्स से कहा गया कि 27 फरवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म की रिलीज से पहले कोच्चि में कोर्ट के लिए इसकी स्क्रीनिंग रखी जाए। मेकर्स द्वारा आदेश न मानने के बाद केस की सुनवाई टाल दी गई है। जस्टिस बेछु कुरियन थोमस ने 3 बजे तक सुनवाई टाल दी थी। 3 बजे दोबारा हुई सुनवाई में फिल्म द केरल स्टोरी 2 के प्रोड्यूसर ने केरल हाईकोर्ट में एक जवाब दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने और टाइटल में बदलाव करने वाली याचिका का विरोध किया है।



**प्रोड्यूसर ने टाइटल में बदलाव करने से किया इनकार-** प्रोड्यूसर ने फिल्म के टाइटल में किसी भी तरह का बदलाव करने का भी विरोध किया। उनका कहना है कि फिल्म में तीन राज्यों की कहानियां दिखाई गई हैं, जिनमें केरल भी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म के टाइटल में जो लिखा “GOES BEYOND” है, उसका मतलब ही यही है कि कहानी सिर्फ केरल तक सीमित नहीं है, बल्कि उससे आगे की घटनाओं को भी दिखाती है।

प्रोड्यूसर ने टाइटल का बचाव करते हुए कहा कि फिल्म केरल को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाती है। उन्होंने अपने जवाब में ये मुख्य बातें कहीं- प्रोड्यूसर ने कहा कि टीजर में तीन अलग-अलग राज्यों की तीन महिलाओं को दिखाया गया है। इसलिए फिल्म साफ तौर पर एक बहु-राज्य और राष्ट्रीय स्तर की कहानी दिखाती है, न कि सिर्फ केरल से जुड़ी हुई। उन्होंने कहा कि टाइटल में “GOES BEYOND” शब्द सिर्फ सजावट के लिए नहीं है, बल्कि यह बताता है कि कहानी केरल से आगे की घटनाओं और दूसरे राज्यों से भी जुड़ी है। प्रोड्यूसर ने यह भी स्पष्ट किया कि टाइटल में दी शब्द का इस्तेमाल पहली फिल्म से जुड़ाव दिखाने के लिए किया गया है। इसका मतलब यह नहीं है कि फिल्म का विषय केवल केरल तक सीमित है।

प्रोड्यूसर ने याचिकाकर्ता के इस व्याकरण वाले तर्क को भी खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि दी शब्द से ऐसा लगता है कि सारी घटनाएं केवल केरल से संबंधित हैं। प्रोड्यूसर के अनुसार, यह तर्क भाषाई रूप से गलत है और पूरे टाइटल को एक साथ पढ़कर नहीं समझा गया है। प्रोड्यूसर ने कहा कि सिर्फ 2 मिनट के टीजर के आधार पर फिल्म की रिलीज को चुनौती नहीं दी जा सकती, क्योंकि टीजर पूरी फिल्म की सही तस्वीर नहीं दिखाता। उन्होंने बताया कि फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मंजूरी मिल चुकी है और सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। सीबीएफसी इस मामले में विशेषज्ञ संस्था है, इसलिए हाईकोर्ट उसकी राय की जगह अपनी राय नहीं दे सकता। प्रोड्यूसर ने यह भी कहा कि याचिका देरी से दायर की गई, क्योंकि टीजर रिलीज होने के 16 दिन बाद इसे दाखिल किया गया।

इसके अलावा, प्रोड्यूसर ने यह दलील दी कि याचिकाकर्ता को यह अधिकार नहीं है कि वह केरल के लोगों की सामूहिक गरिमा का प्रतिनिधित्व करने का दावा करे। यानी, याचिकाकर्ता पूरे राज्य की ओर से यह मामला नहीं उठा सकता। इसके काउंटर में याचिकाकर्ता के एडवोकेट ने कहा, मेरे याचिकाकर्ता केरल के रहने वाले हैं, उनका जन्म और पालन-पोषण केरल में हुआ है, और उनकी प्रतिष्ठा इस फिल्म से प्रभावित हो रही है। जन्मस्थान और क्षेत्रीय पहचान जैसी चीजें महत्वपूर्ण होती हैं। इससे उनके जीवन के अधिकार पर असर पड़ता है। हो सकता है कि और भी लोग हों जिन्हें ऐसी ही शिकायत हो, लेकिन मेरे याचिकाकर्ता की अपनी व्यक्तिगत शिकायत है और उनकी प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। फिल्ममेकर्स की इस दलील पर याचिकाकर्ता के एडवोकेट शायलन ने कहा, फिल्म का प्रचार इस तरह किया जा रहा है मानो यह सच्ची घटनाओं पर आधारित हो। उन्होंने पहली फिल्म द केरल स्टोरी के खिलाफ दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी हवाला दिया। उस आदेश में कोर्ट ने यह दर्ज किया था कि फिल्म में दिखाई गई घटनाएं वास्तविक नहीं, बल्कि घटनाओं का काल्पनिक रूप हैं।

# सुपर-8 में आज भारत के सामने जिम्बाब्वे

## हारने वाली टीम बाहर होगी, टीम इंडिया को वेस्टइंडीज की हार का भी इंतजार

ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई




टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 का 8वां मैच आज भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेला जाएगा। मुकाबला शाम 7 बजे से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। टॉस शाम 6.30 बजे होना है।

दोनों ही टीमों के लिए करो या मरो का मुकाबला है। हारने वाली टीम सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो जाएगी। जीतने वाली टीम के पास चांस बना रहेगा। जीतने वाली टीम को वेस्टइंडीज की हार का इंतजार भी है, अगर विंडीज आज का पहला मैच जीत गई तो रात का मैच जीतकर भी टीम की राह मुश्किल ही रहेगी। सुपर-8 स्टेज में दोनों ही टीमों की शुरूआत खराब रही। भारत को साउथ अफ्रीका ने 76 रन से हराया। वहीं जिम्बाब्वे को वेस्टइंडीज ने 107 रन से हरा दिया।

**भारत ने 77% मुकाबले जीते-** भारत और जिम्बाब्वे के बीच टी-20 फॉर्मेट में अब तक 13 मैच खेले गए, जिसमें टीम इंडिया ने 10 मुकाबले जीते। सिर्फ 3 मैच जिम्बाब्वे ने अपने नाम किए। दोनों टीमें टी-20 वर्ल्ड कप में इससे पहले एक ही बार 2022 में भिड़ी थीं, तब सूर्यकुमार यादव की नाबाद फिफ्टी के दम पर भारत ने मुकाबला जीत लिया था।

**सूर्या भारत के टॉप स्कोरर-** भारत के लिए टूनामेंट में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सबसे ज्यादा 180 रन बनाए हैं। उनके बाद ईशान किशन भी टॉप स्कोरर रहे। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती टॉप विकेट टेकर रहे। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने उनका बखूबी साथ निभाया।

**पिता की तबियत बिगड़ने के बाद नोएडा लौटे थे रिंकू-** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद लिवर कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। वे पिछले कुछ दिनों से नोएडा के अस्पताल में भर्ती हैं। मंगलवार को रिंकू भी पिता की तबियत खराब होने के बाद चेन्नई से नोएडा गए थे। इसके बाद से उनकी जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में उपलब्धता को लेकर अटकलें लग रही थीं। वहीं, आज के मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बताया कि रिंकू मैच से पहले टीम से जुड़ सकते हैं।

**बेनेट न्यूजीलैंड के टॉप स्कोरर-** जिम्बाब्वे के लिए टूर्नामेंट में ब्रायन बेनेट ने सबसे ज्यादा 182 रन बनाए हैं। उन्होंने ही ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ जीत में अहम योगदान निभाया था। ब्लेसिंग मुजरबानी 11 विकेट लेकर टीम के टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। सिकंदर रजा टी-20 इंटरनेशनल में 3000 रन बनाने वाले जिम्बाब्वे के पहले बैटर बनने से 15 रन दूर हैं। जबकि रायन बर्ल 2000 रन बनाने से 57 रन दूर हैं। जिम्बाब्वे ने भारत के खिलाफ भारत में कभी टी-20 इंटरनेशन नहीं खेला है। भारत में टीम ने 24 इंटरनेशनल जरूर खेले, जिनमें 19 वनडे और 5 टेस्ट शामिल हैं।

### मेजबान श्रीलंका सेमीफाइनल की रेस से बाहर

## आज जिम्बाब्वे जीता तो भारत भी बाहर वेस्टइंडीज पर भी टिकीं टीम इंडिया की उम्मीदें

मेजबान श्रीलंका टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 स्टेज से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। टीम को न्यूजीलैंड ने सुपर-8 में 61 रन से हरा दिया। ग्रुप-2 से इंग्लैंड ने नॉकआउट स्टेज में क्वालिफाई कर लिया। अब न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हरा दिया तो पाकिस्तान भी बाहर हो जाएगा। ग्रुप-1 में आज 2 मैच खेले जाएंगे। दोपहर 3 बजे से साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज भिड़ेंगे। वहीं शाम 7 बजे से भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा। इस मुकाबले को हारने वाली टीम सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो जाएगी।

### क्या भारत क्वालिफाई करेगा?

- ग्रुप-1 पॉइंट्स टेबल में फिलहाल वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका 2-2 पॉइंट्स के साथ टॉप-2 पोजिशन पर हैं। भारत और जिम्बाब्वे आखिरी 2 पोजिशन पर हैं, दोनों का रन रेट माइनस में है।
- भारत को सीधे क्वालिफाई करने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे, साथ ही साउथ अफ्रीका के वेस्टइंडीज के खिलाफ जीतने की उम्मीद भी करनी होगी।
- भारत आखिरी दोनों मैच जीत गया और वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को हरा दिया तो 3 टीमों के 4-4 पॉइंट्स हो जाएंगे। ऐसे में क्वालिफाई करने के लिए भारत को अपना रन रेट बाकी टीमों से बेहतर रखना होगा।
- भारत अगर एक भी मैच हारा तो टीम नॉकआउट की रेस से बाहर हो जाएगी। आज टीम जिम्बाब्वे से भिड़ेगी।




**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698




**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547







**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

बायोमेट्रिक पंजीकरण जरूरी

## ब्रिटेन में डिजिटल यात्रा प्रणाली लागू भारतीयों के लिए ई-वीजा अनिवार्य



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ब्रिटेन ने अपनी यात्रा और आव्रजन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बनाते हुए भारतीय यात्रियों के लिए ई-वीजा अनिवार्य कर दिया है। सरकार का दावा है कि इससे सीमा प्रक्रिया तेज, सुरक्षित और पारदर्शी बनेगी। यात्रियों को यात्रा से पहले आवश्यक अनुमति सुनिश्चित करनी होगी।

ब्रिटेन ने बुधवार से डिजिटल यात्रा प्रणाली लागू कर दी है। इसके तहत भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन (ईटीए) आवश्यक रूप से शामिल है। यह नई प्रक्रिया पिछले कुछ वर्षों में चरणबद्ध ढंग से लागू किए गए कार्यक्रम के तहत कागज आधारित वीजा स्टिकर की जगह लेगी। हालांकि नई प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर जाना अनिवार्य होगा, लेकिन इससे प्रक्रिया अवधि में पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ने की जरूरत खत्म हो जाएगी। ब्रिटेन के प्रवासन-नागरिकता मंत्री माइक टैप ने कहा, मैं सभी यात्रियों से आग्रह करूंगा कि वे सुनिश्चित करें कि वे यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उनके पास सही अनुमति है। ब्रिटेन में ईटीए (आने-जाने का टिकट) की लागत प्रतिस्पर्धी है और अन्य देशों के अनुरूप है। इनमें अमेरिका का ईएसटीए (40 डॉलर) और ईयू का ईटीआईएएस (20 यूरो) होने की उम्मीद है। ब्रिटिश सीमा-आव्रजन प्रणाली को पूर्ण डिजिटल योजनाओं के तहत, बायोमेट्रिक निवास परमिट (बीआरपी), वीजा विग्नेट स्टिकर या स्याही की मुहर वाले पासपोर्ट को नई प्रणाली में स्थानांतरित कर दिया गया है।

अनुसंधान व निवेश रणनीतियों पर क्या बोले मंत्री

# कृषि क्षेत्र में एआई का प्रयोग बढ़ाने पर जोर



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मुंबई एआई4एग्री 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल कर इसको भविष्य के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी व पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा आगामी कृषि क्रांति कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संचालित होगी। यह कृषि नीति, अनुधसंधान और निवेश रणनीतियों की आधारशिला है।

देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तेजी विस्तार करने पर ध्यान दिया जा रहा है, इसी श्रृंखला में मुंबई में एआई4एग्री 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल कर इसको भविष्य के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा आगामी कृषि क्रांति कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित होगी। उन्होंने एआई को कृषि नीति, अनुसंधान और निवेश रणनीतियों की आधारशिला बताया। कृषि उत्पादकता को प्रभावित करने वाले दीर्घकालिक चुनौतियों, जैसे कि अनियमित मौसम, सूचना विषमता और बटे हुए बाजारों के लिए व्यापक समाधान प्रदान कर सकेगा। उन्होंने कहा एआई कोई समस्या नहीं बल्कि ऐसा समाधान देता है, जहां आसानी से कामों को किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा है वैश्विक दक्षिण के 6 करोड़ किसानों के लिए उत्पादककता में 10 प्रतिशत की वृद्धि इस सदी में गरीबी उन्मूलन का सबसे बड़ा अवसर साबित हो सकता है। सिंह ने कहा एआई पहलों को 10,372 करोड़ रुपये के इंडिया एआई मिशन से जोड़ा जाएगा, जिसका उद्देश्य बड़े स्तर पर स्वतंत्र कंप्यूटिंग संसाधन, डेटासेट और स्टार्टअप बुनियादी ढांचा स्थापित करना है। उन्होंने भारतजेन का उदाहरण देते हुए कहा, जो सरकार के स्वामित्व वाला एक विशाल भाषा मॉडल इकोसिस्टम है, जिसने एग्री परम नामक एक कृषि विशेष मॉडल के रूप में बनाया गया है, जो 22 भारतीय भाषाओं में काम करता है और किसानों को उनकी मातृभाषा में परामर्श सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है।

- महाराष्ट्र ने अपनी एआई-आधारित कृषि नीति (2025-2029) को लागू करने के लिए लगभग 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें जिलों में एआई और कृषि प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र स्थापति करने की योजना है। कई एआई एप्लिकेशन को इस अवसर पर पेश किया गया, जिसमें महा एग्री-एक्स (कृषि डेटा एक्सचेंज) एक एआई आधारित वॉयस टेलिफोन ऐप है। इससे कृषि से जुड़ी जानकारी और फसलों के कींट पंतगों के रोग को पहचानने में सक्षम है। यह बहुभाषी होने के साथ महाराष्ट की भीली आदिवासी भाषा भी उपल्ब्ध है। इसका फायदा दूर दराज क्षेत्रों के किसानों को भी होगा।
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा राज्य का लक्ष्य विश्व विद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग हितधारकों को एकीकृत करके महा एआई इनोवेशन सेंटर के माध्यम से किसानों के लिए एक डिजिटल रूप से सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। इस अवसर पर महा-विस्तार एआई ऐप को भी पेश किया गया, यह एक डिजिटल सहयोगी मंच है, जहां फसल संबंधी सलाह, मौसम की जानकारी, कीट प्रबंधन सहायता, बाजार मूल्याकन और किसानों को सरकारी योजनाओं तक पहुंच प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि 30 लाख से अधिक किसान इस ऐप का उपयोग कर चुके हैं।

नीति आयोग की रिपोर्ट

## सरकारी कंपनियों के आईपीओ से 2030 तक 20 अरब डॉलर जुटाएगा केंद्र




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ये प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अगले चार वर्षों में सरकारी संपत्तियों का मौद्रिकरण कर 183.7 अरब डॉलर जुटाने के प्रयास का हिस्सा होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि रेलवे, बिजली, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, विमानन और कोयला क्षेत्रों की कंपनियों के आईपीओ आएंगे। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में आईपीओ के जरिये हिस्सा बेचकर 2029-30 तक 1.79 लाख करोड़ रुपये (20 अरब डॉलर) जुटाने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, कंपनियों के पूरी तरह से निजीकरण की योजना को टाल दिया गया है। सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ये प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अगले चार वर्षों में सरकारी संपत्तियों का मौद्रिकरण कर 183.7 अरब डॉलर जुटाने के प्रयास का हिस्सा होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि रेलवे, बिजली, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, विमानन और कोयला क्षेत्रों की कंपनियों के आईपीओ आएंगे। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिसंपत्ति मौद्रिकरण के दूसरे चरण का हिस्सा है, जिसके जरिये 2029-30 तक कुल 16.72 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल, कंपनियों में कम हिस्सेदारी की बिक्री और निजीकरण सरकार की बजट घाटे को कम करने की योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हालांकि, सरकार ने 2024 के बाद विनिवेश के लिए विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित करना बंद कर दिया है। केंद्र सरकार को पहले सरकारी कंपनियों के पूर्ण निजीकरण के माध्यम से धन जुटाने में कठिनाई होती थी और हाल ही में उसने पुनर्निवेश के लिए पूंजी जुटाने हेतु इन कंपनियों की परिसंपत्तियों और सहायक कंपनियों के मुद्रीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

मैकेंजी रिपोर्ट : 2030 तक हर साल 45 फीसदी की दर से बढ़ेगा क्विक कॉमर्स

# पांच साल में 40 अरब डॉलर का उद्योग

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मैकेंजी रिपोर्ट के अनुसार भारत में क्विक कॉमर्स क्षेत्र 2030 तक 35-40 अरब डॉलर का हो सकता है। वर्तमान में 5-6 अरब डॉलर का यह उद्योग 45% सीएजीआर से बढ़ रहा है।

कम समय में डिलीवरी और बेहतर सेवाओं के दम पर देश में क्विक कॉमर्स क्षेत्र तेज रफ्तार से विस्तार कर रहा है। खासकर शहरी इलाकों में। मैकेंजी एंड कंपनी की रिपोर्ट के मुताबिक, विस्तार की रफ्तार इतनी तेज है कि क्विक कॉमर्स क्षेत्र पांच वर्षों में सालाना 45 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 2030 तक 35-40 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। वर्तमान में यह क्षेत्र 5-6 अरब डॉलर का है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि क्विक कॉमर्स भारत के डिजिटल कॉमर्स क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट बन रहा है। इसकी वृद्धि को उन शहरी उपभोक्ताओं से बढ़ावा मिल रहा है, जो तेजी से डिलीवरी और बेहतर सुविधाओं को महत्व दे रहे हैं।



दरअसल, क्विक कॉमर्स क्षेत्र की वृद्धि को ज्यादा उत्पाद रेंज, तेज रफ्तार डिलीवरी सेवा एग्रीमेंट और जस्ट-इन-टाइम फुलफिलमेंट यानी मांग आधारित उत्पाद मॉडल अपनाने से भी समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा, मेट्रो और अन्य बड़े शहरों में इंटरनेट की मजबूत पहुंच और उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव भी क्विक कॉमर्स क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

**शुरूआती उपभोक्ताओं को मिलते हैं कई लाभ-** रिपोर्ट में बताया गया है कि क्विक कॉमर्स में शुरूआती उपभोक्ताओं को ऑप्टिमाइज्ड स्टोर नेटवर्क, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों से जुड़े डाटा तक आसान पहुंच और अनुशासित परिचालन मॉडल से लाभ मिलता है। इसके अलावा, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ग्रोसरी डिलीवरी से आगे बढ़कर उत्पाद श्रेणी की एक बड़ी रेंज में फैल रहे हैं, जिससे डिजिटल कॉमर्स क्षेत्र में उनकी भूमिका और मजबूत हो रही है।

### तीन चैनलों से चलता है डिजिटल कॉमर्स तंत्र

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का डिजिटल कॉमर्स तंत्र अभी तीन मुख्य चैनल से चलता है...पारंपरिक ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म और डायरेक्ट-टु-कंज्यूमर (डी2सी)। ये तीनों प्लेटफॉर्म मिलकर देश के ऑनलाइन कॉमर्स क्षेत्र की नींव बनाते हैं, जो अपनी सेवाओं के जरिये विक्रेताओं को उपभोक्ताओं तक पहुंचने के कई तरीके मुहैया कराते हैं। पारंपरिक ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस स्केल और प्रोडक्ट डिस्कवरी देते हैं। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म तेज डिलीवरी एवं सुविधा पर फोकस करते हैं। डायरेक्ट-टु-कंज्यूमर चैनल ब्रांड्स को विजिबिलिटी, कीमत और वितरण पर ज्यादा नियंत्रण रखने में मदद करते हैं, जिससे वे अपने ग्रोथ स्टेज के आधार पर टूल्स और सेवाएं अपना सकते हैं। मैकेंजी ने कहा, क्विक कॉमर्स क्षेत्र जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, भारत की ओवरऑल ई-कॉमर्स ग्रोथ स्टोरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह तकनीकी आधुनिकीकरण, उपभोक्ता मांग और बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे से आगे बढ़ेगा।

स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर के पार

## दुनिया का विनिर्माण केंद्र बनता भारत 2025 में 30 करोड़ फोन का उत्पादन

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत से 2025 में स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर के पार पहुंचा। 30 करोड़ स्मार्टफोन का उत्पादन हुआ, हर चार में से एक का निर्यात। भारत तेजी से वैश्विक स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है।

देश में 2025 में हुए कुल निर्यात में स्मार्टफोन का दबदबा रहा। इस अवधि में स्वदेशी निर्मित 30 अरब डॉलर मूल्य से अधिक का स्मार्टफोन निर्यात किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा, भारत अब दुनिया का स्मार्टफोन विनिर्माण केंद्र बनता जा रहा है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-दिसंबर, 2025 के दौरान देश का स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर पहुंच गया। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान करीब 60 अरब डॉलर (5.5 लाख करोड़ रुपये) के स्मार्टफोन का उत्पादन हुआ, जबकि निर्यात 22 अरब डॉलर (करीब दो लाख करोड़ रुपये) रहा। देश से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का कुल निर्यात 2025 के दौरान 44 अरब डॉलर (चार लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। इस साल चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों में उत्पादन शुरू करने के बाद इसके निर्यात में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। बाजार शोध संस्था काउंटरपॉइंट रिसर्च के सह-संस्थापक एवं शोध उपाध्यक्ष नील शाह ने कहा, एपल ने चीन पर अमेरिकी टैरिफ लगने के बाद भारत में विनिर्माण बढ़ाकर देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी है। भारत में 2025 में 30 करोड़ स्मार्टफोन का उत्पादन होने का अनुमान है और हर चार में से एक स्मार्टफोन का निर्यात किया गया। उच्च औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) वाले अमेरिकी बाजार में एपल, सैमसंग और मोटोरोला की मजबूत मांग ने निर्यात मूल्य को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा दिया। इंटरनेशनल डाटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के वर्ल्डवाइड क्वार्टरली मोबाइल फोन ट्रैकर रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की तीसरी तिमाही में एपल ने घरेलू बाजार में 50 लाख आईफोन की आपूर्ति की, जो किसी भी तिमाही का उच्चतम स्तर है।

# इंडिगो फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री 4 घंटे फंसे: पायलट भी उतरा, चेन्नई से सिंगापुर जाना था; पैसेंजर्स बोले- एसी बंद थे

## यात्रियों ने दावा किया कि ड्यूटी खत्म होने के कारण पायलट भी विमान से उतरकर चला गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ए 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। इससे विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्री रनवे पर फंसे रहे। उन्होंने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर भी नाराजगी जताई।

घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

एक अन्य यात्री ने कहा कि वे सुबह 7 बजे से इंतजार कर रहे हैं और उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जा रही। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में दावा किया गया कि यात्री 4 घंटे से अधिक समय तक विमान में बिना वेंटिलेशन और खाना के बैठे रहे। यात्रियों ने यह भी दावा किया कि फ्लाइट पहले तकनीकी खराबी के कारण लेट हुई। इसके बाद ड्यूटी टाइम खत्म होने का हवाला देते हुए पायलट भी विमान से उतर गया। दूसरा पायलट लगभग 11 बजे पहुंचा। इसके बाद दोपहर में विमान ने उड़ान भरी।




एयरलाइन बोली- यात्रियों को रिफ्रेशमेंट और अपडेट दिए गए थे

इंडिगो के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि फ्लाइट एक छोटी तकनीकी खराबी के कारण बे (पार्किंग) पर लौट आई थी। जांच और रखरखाव के दौरान कॉकपिट क्रू का ड्यूटी टाइम लिमिट पार हो गया, जिससे क्रू बदलना पड़ा और उड़ान में और देरी हुई। एयरलाइन ने असुविधा के लिए खेद जताया और कहा कि यात्रियों को रिफ्रेशमेंट और समय-समय पर अपडेट दिए गए थे। इंडिगो की फ्लाइट को मंगलवार सुबह 7.20 बजे चेन्नई से सिंगापुर के लिए रवाना होना था।

### मुंबई में रनवे पर 45 मिनट से ज्यादा समय तक खड़ी रही फ्लाइट

इधर, मुंबई से दिल्ली जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट अक1851 बुधवार को 45 मिनट से ज्यादा समय तक रनवे पर खड़ी रही। सूत्रों के मुताबिक, प्लेन में सभी पैसेंजर्स बैठ गए थे। हालांकि, फ्लाइट मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर खड़ी रही और अपने निर्धारित समय दोपहर 3:25 बजे से लेट हो गई। फ्लाइट को लेकर अभी कोई अपडेट सामने नहीं आई है।

---

## 'बड़े नेता-अफसर समुदाय विशेष को टारगेट नहीं कर सकते':

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- धर्म या जाति के आधार पर बदनाम करने का अधिकार नहीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे नेता-अफसर किसी समुदाय को धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर निशाना नहीं बना सकते। ऐसा करना संविधान के खिलाफ है। किसी भी माध्यम से समुदाय को बदनाम नहीं करने दे सकते।

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने आगामी नेटफ्लिक्स क्राइम थ्रिलर घूसखोर पंडत पर 19 फरवरी को सुनवाई की थी। ये टिप्पणियां जस्टिस भुइयां ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर अपने अलग फैसले में कही थीं। कोर्ट के ऑर्डर की डिटेल कॉपी आने के बाद बुधवार को जानकारी सामने आई है।

इस दौरान उन्होंने कहा था, संविधान के अनुसार राज्य या गैर-राज्य अभिनेता सहित कोई भी व्यक्ति भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य कला जैसे किसी भी माध्यम से किसी समुदाय को बदनाम या अपमानित नहीं कर सकता।

बेंच ने फिल्म निमार्ता नीरज पांडे के हलफनामे को रिकॉर्ड में लेकर याचिका खत्म कर दी थी। अदालत ने उम्मीद जताई थी कि विवाद अब खत्म हो जाएगा। जस्टिस भुइयां ने अपने 39 पन्नों के अलग फैसले में कहा कि संविधान की प्रस्तावना में सभी नागरिकों के बीच भाईचारा बढ़ाने और देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का वादा किया गया है।

### मामले से जुड़ी सुनवाई-

19 फरवरी : रउ के आदेश पर 'घूसखोर पंडत' नाम हटाया गया, नीरज पांडेय बोले- नया टाइटल अभी तय नहीं मनोज बाजपेयी की फिल्म घूसखोर पंडत का नाम बदल दिया गया है। फिल्ममेकर नीरज पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल करके इसकी जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि फिल्म का विवादित टाइटल हटा दिया गया है। अब इसका कहीं इस्तेमाल नहीं होगा। नया नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जो भी रखा जाएगा, वह पुराने नाम जैसा या उससे मिलता-जुलता नहीं होगा। पूरी खबर पढ़ेंक्क नेटफ्लिक्स ने 3 फरवरी 2026 को मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडत' का ऐलान भी टीजर रिलीज करके किया गया था। लेकिन जैसे ही इसका टीजर जारी किया गया तो इसके टाइटल को लेकर विवाद शुरू हो गया है। लोग सड़कों पर उतर गए। इसके बाद यह मामला कोर्ट तक पहुंच गया।

### ब्राह्मण समाज ने फिल्म का विरोध किया

अलग-अलगह जगहों पर ब्राह्मण समाज ने नेटफ्लिक्स की 'घूसखोर पंडत' के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा मुंबई के वकील आशुतोष दुबे का आरोप है कि ह्यपंडतह्न जैसे सम्मानजनक शब्द को भ्रष्टाचार के साथ जोड़ना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि इससे पूरे समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचती है।

---

## भाजपा ने उमर खालिद से राहुल गांधी की तुलना की: दिल्ली में पोस्टर लग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में एआई समिट में हुए हंगामे पर भाजपा ने एक बार फिर राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना 2020 दंगे के आरोपी उमर खालिद से करते हुए दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर एक पोस्टर लगाया। जिसमें लिखा कि अराजकता का तरीका एक, बस देश विरोधी चेहरे बदलते रहते हैं। इस पोस्टर में एक तरफ उमर खालिद हैं जिसमें उसे सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं उनके आगे शर्टलेस कार्यकर्ता की तस्वीरें जो एआई समिट का विरोध कर रहे हैं। ये पोस्टर भाजपा के नेशनल स्पोक्सपर्सन आरपी सिंह ने लगवाए हैं।

उधर अकइम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस (कउ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें मंगलवार सुबह तिलक मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अब तक




8 गिरफ्तारी हो चुकी हैं।

20 फरवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने अकसमिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए थे। इसमें 10 से ज्यादा कार्यकर्ता हाथ में सफेद रंग की टी-शर्ट लिए हुए थे। टी-शर्ट पर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी थी।

---

## अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय कमेंट करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी रूबी जैन और उसके पति हर्ष सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को रउ/रळ अू३ के तहत गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने कपल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले मंगलवार को हर्ष सिंह ने न्यूज एजेंसी अठकसे कहा कि हम शर्मिंदा हैं। ये सब कुछ हीट ऑफ द मोमेंट में हो गया। हर्ष ने कहा कि मामले में हम दिल्ली पुलिस का पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उनका ऑफिस पहले दिन से ही पीड़ितों और दिल्ली पुलिस के लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रिजिजू ने कहा कि मामले में गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में नॉर्थईस्ट के लोगों के खिलाफ किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को अधिकारी गंभीरता से लेते हैं। अगर दिल्ली में नॉर्थईस्ट के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई घटना होती है, तो हम तुरंत कार्रवाई करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं खुद फॉलो-अप कर रहा हूं। हम सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे और सबक सिखाएंगे कि नॉर्थईस्ट के लोगों के साथ

---

## पीएम मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फॉलोअर्स, अगले 5 नेताओं के मिलाकर भी इतने नहीं, यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के पहले नेता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फॉलोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पॉलिटिशियन बन गए हैं। ढट मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे।

इंस्टाग्राम पर उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। दुनिया के अगले पांच बड़े लीडर्स के कुल फॉलोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फॉलोअर्स की संख्या से कम है। प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। उनके बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फॉलोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के



प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फॉलोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। तुर्की के प्रेसिडेंट एर्दोगन के 11.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2024 में ही 100 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा छू लिया था। इस वक्त उनके एक्स पर 106.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। यह प्रधानमंत्री के किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट पर फॉलोअर्स की सबसे ज्यादा संख्या है। इसके बाद इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, फेसबुक पर 54 मिलियन और वॉट्सएप पर 11.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



:5 लाख घरों की बिजली गुल,

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं।

सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के



कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए।

## बर्फबारी से कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित

न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया और कहा कि स्कूल मंगलवार को खुलेंगे।

वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है।

### न्यूयॉर्क में ट्रेन सेवा भी सस्पेंड रही

तूफान का असर सिर्फ सड़कों और हवाई सेवाओं तक सीमित नहीं रहा। न्यूयॉर्क और बोस्टन के बीच ट्रेन सेवा सोमवार रात तक सस्पेंड रही। थिएटर ब्रॉडवे के सभी शो रविवार शाम रद्द कर दिए गए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि यह पिछले लगभग एक दशक का सबसे शक्तिशाली नॉरईस्टर तूफान है। कई इलाकों में प्रति घंटे 2 से 3 इंच तक बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है और हवा की रफ्तार कुछ जगह 110 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई।

## ईरान का मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश, सब्जी मार्केट पर गिरा, पायलट समेत 4 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान के इस्फहान प्रांत में मंगलवार को एक मिलिट्री हेलिकॉप्टर फल और सब्जी मार्केट पर गिर गया। हादसे में पायलट और को-पायलट समेत चार लोगों की मौत हो गई।

ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक, सेना का हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग पर था। क्रैश के बाद बाजार इलाके से धुआं उठता दिखा। घटनास्थल पर हादसे के बाद चारों तरह मलबा बिखर गया। समाचार एजेंसी फार्स के अनुसार, बाजार में मौजूद दो नागरिकों की भी मौत हुई। ईरान में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरा सैन्य विमान हादसा है। इससे पहले पश्चिमी शहर हमेदान के पास एक एफ-4 फाइटर जेट क्रैश हुआ था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई थी। ईरान में सैन्य और कमर्शियल विमानन बेड़ा काफी पुराना है। पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण विमान के स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिसके चलते मेंटेनेंस और ऑपरेशन पर असर पड़ता


# मोदी को इजराइली संसद का सर्वोच्च सम्मान

## पीएम ने हमास हमले की निंदा की, नेतन्याहू बोले- मोदी एशिया के शेर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे। इस दौरान इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया।

इसके बाद पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल दिया गया। नेसेट को संबोधित करते हुए मोदी ने इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है। भारत इजराइल के साथ खड़ा है। वहीं नेतन्याहू ने कहा, द्यमोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है द्य उन्होंने मोदी को एशिया का शेर और दुनिया का सम्मानित नेता बताया।



मोदी नेसेट को संबोधित करने पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। संसद पहुंचने पर सांसदों ने मोदी का खड़े होकर स्वागत किया और मोदी मोदी के नारे भी लगाए। इजराइली संसद में बोलना सम्मान- इजराइली संसद के सामने खड़े होकर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं एक प्राचीन सभ्यता भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दूसरी प्राचीन सभ्यता को संबोधित कर रहा हूं।

### भारत ने भी आतंकवाद का दर्द झेला है

140 करोड़ भारतीयों का संदेश लेकर आया हूं- 140 करोड़ भारतीयों की ओर से आपके लिए शुभकामनाएं, मित्रता, सम्मान और मजबूत साझेदारी का संदेश लेकर आया हूं। भारत में यहूदी हमेशा सुरक्षित रहे- गर्व से कह सकता हूं कि भारत में यहूदी समुदाय बिना किसी डर, भेदभाव या उत्पीड़न के साथ रहा है। उन्होंने अपनी आस्था को सुरक्षित रखा और समाज में पूरी भागीदारी की। भारत-इजराइल में 2 हजार साल पुराने रिश्ते- भारत और इजराइल का रिश्ता 2 हजार साल से भी पुराना है। बुक ऑफ एस्तेर में भारत का जिक्र मिलता है और तलमुद में हमारे व्यापारिक संबंधों का उल्लेख है। फर्स्ट वर्ल्ड वॉर में भारतीय सैनिकों ने बलिदान दिया- फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के दौरान इस क्षेत्र में 4 हजार से ज्यादा भारतीय सैनिकों ने बलिदान दिया था। हमारा रिश्ता खून और त्याग से भी जुड़ा है।

## ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत, सैकड़ों बेघर; रिकॉर्ड मूसलाधार बारिश के बाद भूस्खलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई। अधिकारियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने जुइज दे फोरा में द्यस्टेट ऑफ कैलैमिटीद्य घोषित कर मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार की पूरी मदद का भरोसा दिया है। सिर्फ जुइज दे फोरा में करीब 440 लोग बेघर हो गए हैं। प्रशासन ने अस्थायी शेल्टर बनाए हैं और राहत सामग्री के लिए अपील की है। मेयर ने तीन दिन का शोक घोषित किया है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि यह फरवरी शहर के इतिहास की सबसे ज्यादा बारिश वाली रही है। राष्ट्रीय मौसम विभाग ने मिनास गेरैस और रियो डी जेनेरियो समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पिछले साल रियो ग्रांडे दो सुल में ऐसी ही आपदा में करीब 200 लोगों की मौत हुई थी।

## गेट्स फाउंडेशन का दावा- बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से अपने संबंधों की जिम्मेदारी ली

बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर जिम्मेदारी ली है। रॉयटर्स के मुताबिक, गेट्स फाउंडेशन के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि हालिया टाउन हॉल बैठक में गेट्स ने कर्मचारियों के सामने इस मुद्दे पर खुलकर बात की और माफी मांगी।

रिपोर्ट के मुताबिक गेट्स ने कर्मचारियों से कहा कि एपस्टीन के साथ समय बिताना और फाउंडेशन के अधिकारियों को उन बैठकों में ले जाना बहुत बड़ी गलती थी। रिपोर्ट में टाउन हॉल की रिकॉर्डिंग का हवाला दिया गया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को एपस्टीन से जुड़ी फाइल्स जारी की थी। इससे पता चला था कि एपस्टीन की सजा पूरी होने के बाद भी गेट्स उनसे कई बार मिले थे। इन बैठकों का मकसद चैरिटी गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा बताया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक गेट्स ने यह भी कहा कि उन्होंने कोई अवैध काम नहीं किया और वे एपस्टीन के पीड़ितों के संपर्क में नहीं थे। गेट्स ने स्टाफ से कहा, द्यमैंने कुछ भी गलत नहीं किया।द्य फाउंडेशन ने कहा कि उसने एपस्टीन को कभी कोई फाइनेंशियल पेमेंट नहीं किया और न ही उसे कभी नौकरी पर रखा।

## पाकिस्तान में सुरक्षा चौकी पर आत्मघाती हमला, 2 पुलिसकर्मी की मौत, एक दिन में अलग-अलग हमलों में 7 जाने गई

पाकिस्तान में मंगलवार को अलग-अलग हमलों में 7 पुलिसकर्मियों की जान चली गई। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में एक सुरक्षा चौकी पर आत्मघाती हमला हुआ।

पंजाब पुलिस प्रमुख अब्दुल करीम के मुताबिक इस हमले में 2 पुलिसकर्मी मारे गए। इस धमाके में 3 आम लोग भी घायल हुए, जिनमें पोलियो रोधी अभियान से जुड़े 2 स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। इसी दिन इससे पहले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट इलाके में उग्रवादियों ने एक पुलिस गाड़ी पर हमला किया। आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि इस हमले में 5 पुलिसकर्मी, जिनमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी थे और 2 नागरिक मारे गए। कोहाट के जिला पुलिस अधिकारी शेहबाज इलाही ने बताया कि इस हमले में 3 अन्य लोग घायल भी हुए। पिछले एक हफ्ते में खैबर पख्तूनख्वा और दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में उग्रवादियों के खिलाफ झड़पों और सुरक्षा अभियानों के दौरान कम से कम 16 सुरक्षाकर्मी, जिनमें एक सीनियर सेना अधिकारी भी शामिल थे, मारे गए हैं। सेना के मुताबिक इन अभियानों और हमलों में 53 उग्रवादी भी मारे गए। हाल के सालों में पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। खास तौर पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों, पुलिस और सरकारी ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. भगवान, ईश्वर, रब-7
6. रुपए का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य, कीमत, दर-2
10. जी, इच्छा, चित-2
11. नल्का, टोंटी-2
13. बारीक, सूक्ष्म-3
14. रेखा, लाइन-3
15. रग, नाड़ी-2
17. अधिकार-2
18. वध, कत्ल, मर्डर-2
20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करा-4, 3

**ऊपर से नीचे**

2. निर्माण, बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2, 3
10. चिंतन-3
12. उत्साह, जिज्ञासा-3
16. हद, सीमा, बार्डर-4
17. हमेशा, सदैव-4
19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 40 | | 45 | | 32 | = | 23 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 6 | | 45 | | 1 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 3 | | 70 | | 2 | = | 40 |
| | | | | | | | | |
| 15 | | 10 | | 5 | | 5 | = | 30 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 15 | | 39 | | 15 | | 35 | = | 3 / 4 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ज | व | ज | ग | ल | ख |
| रा | ज | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | ड |
| य | प | आ | हे | ज | टी | ना | अ | व | प | रू |
| ई | नौ | व | क्र | ध | वा | स | त | ल | ट | प |
| प | ना | ह | प्या | र | तो | हो | स | ही | था | त |
| अ | न | क | प | र | स्व | ल | वी | ण | ई | व |
| द | बु | न | ब | ट्रे | रू | ड | र | ज | व | र |
| क | र | कृ | प | क्श | प | क्र | र | चो | श | ख |
| र | व | त | ति | रा | हो | प | य | अ | रे | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | प | द |
| क | ड | क | अ | ध | ज | चि | त्र | व | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

टीचर - भारत की सबसे
खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब
इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

000000000

संता - पंजाब एक्सप्रेस
कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको
जाना कहां है?
संता - कही नहीं...
बस पटरी पर लेटकर
सेल्फी लेनी है।

000000000

पति - आज खाना
क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई
और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर
गिर गई थी और
आंख लग गई थी।

000000000

सोनू मोनू आपस में बात
कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को
बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।

000000000

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो
पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर वरर जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टॉयलेट जाम हो चुके हैं। इससे 4,500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टॉयलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टॉयलेट सिस्टम बंद हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टॉयलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी।

# अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर के टॉयलेट जाम

## 45 मिनट लाइन में लगना पड़ रहा, मरम्मत के लिए टेक्नीशियन और सैनिकों में झड़प



### एयरक्राफ्ट पर 600 से ज्यादा टॉयलेट मौजूद

जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट कैरियर बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार ऑपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है।

करीब 13 बिलियन डॉलर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को 2017 में कमीशन किया गया था।

### क्या है मुसीबत की वजह बना वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम?

सीवेज समस्या के पीछे जिस तकनीक का जिक्र हो रहा है, उसे वैक्यूम-बेस्ड श्उलळ सिस्टम कहा जाता है। यह आम घरों में इस्तेमाल होने वाले टॉयलेट सिस्टम से बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है। वैक्यूम कलेक्शन, होल्डिंग एंड ट्रांसफर सिस्टम है। यह खास तरह का सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम होता है, जो बड़े जहाजों और क्रूज शिप में लगाया जाता है। इसका मकसद कम पानी में टॉयलेट वेस्ट को इकट्ठा करना और सुरक्षित तरीके से स्टोर व ट्रांसफर करना होता है।

### अमेरिका का दावा-चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट किया

अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था।

अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने सोमवार को कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है। येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं।

### कैसे काम करता है?

**घर के टॉयलेट में फ्लश करने पर पानी के दबाव और गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) से गंदगी नीचे सीवर में चली जाती है। लेकिन समुद्र में चलने वाले जहाजों पर ऐसा सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं होता**

सिस्टम में फ्लश दबाते ही पाइप में वैक्यूम (सक्शन) बनता है। यह सक्शन गंदगी को खींचकर पाइप के जरिए एक बड़े टैंक तक पहुंचा देता है। बाद में उस वेस्ट को प्रोसेस या डिस्पोज किया जाता है। इसे ऐसे समझें जैसे वैक्यूम क्लीनर धूल को खींच लेता है। यहां भी वही तकनीक टॉयलेट सिस्टम में लागू होती है।

### जहाजों में यह सिस्टम क्यों जरूरी?

विमानवाहक पोत पर हजार से ज्यादा लोग महीनों तक समुद्र में रहते हैं। ऐसे में पानी सीमित होता है, जगह कम होती है। साथ ही पाइपलाइन सीधी नहीं, कई दिशा में जाती है। इसलिए कम पानी में काम करने वाला और लचीला सिस्टम लगाया जाता है। सिस्टम कम पानी में फ्लश कर देता है, जिससे पानी की बचत होती है।

### 2025 से समुद्र में तैनात है जेराल्ड आर. फोर्ड

जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं।

इनमें एफ-18 सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट और ई-2 हॉकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं। इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है।

# अमेरिका-ईरान में लगातार तनाव बढ़ रहा है

अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में F-35, F-22, F-15 और F-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वॉड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा।

### अरब सागर में वरर अब्राहम लिंकन पहले से तैनात

अमेरिकी जंगी जहाज वरर अब्राहम लिंकन पहले से अरब सागर में तैनात है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं। अब्राहम लिंकन पहले साउथ चाइना सी में तैनात था। 18 जनवरी को यह मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर में दाखिल हुआ। इसके अलावा अमेरिका ने वरर थियोडोर रूजवेल्ट और कई मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत तैनात किए हैं। अमेरिका अब ईरान के परमाणु ठिकानों, सैन्य अड्डों व कमांड सेंटरों पर समुद्र और आसमान दोनों से हमले की स्थिति में आ गया है।




रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजराइल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है।

### USS अब्राहम लिंकन

1988 NNS कंपनी ने बनाया | 1989 अमेरिका सेना में शामिल

**कीमत:** लगभग ₹57,000 करोड़ (2024 में)



| लंबाई | चौड़ाई | वजन | स्पीड |
|---|---|---|---|
| 333 मीटर | 76.8 मीटर | 1 लाख टन से ज्यादा | 56-60 किमी प्रति घंटा |

■ वर्ष-12 अंक-115 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 26 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

पूर्णे तटाके तृषितः सदैव भूतेऽपि गेहे क्षुधितः स मूढः।
कल्पद्रुमे सत्यपि वै दरिद्रः गुर्वादियोगेऽपि हि यः प्रमादी॥

**भावार्थ** : जो इन्सान गुरु मिलने के बावजुद प्रमादी रहे, वह मूर्ख पानी से भरे हुए सरोवर के पास होते हुए भी प्यासा, घर में अनाज होते हुए भी भूखा, और कल्पवृक्ष के पास रहते हुए भी दरिद्र है।

दुग्धेन धेनुः कुसुमेन वल्ली शीलेन भार्या कमलेन तोयम्।
गुरुं विना भाति न चैव शिष्यः शमेन विद्या नगरी जनेन॥

**भावार्थ** : जैसे दूध बगैर गाय, फूल बगैर लता, शील बगैर भार्या, कमल बगैर जल, शम बगैर विद्या और लोग बगैर नगर शोभा नहीं देते, वैसे हि गुरु बिना शिष्य शोभा नहीं देता।

## आश्वासितवान् यत् तेषां सर्वाणि माङ्गल्यानि विश्वविद्यालयप्रशासनस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

आर्यपूनजः अवदत् यत् विश्वविद्यालयस्तरस्य श्रवणस्य अभावात् संस्था तत्कालं समाधानार्थं उच्चशिक्षामन्त्री समक्षं स्वमागधाः प्रस्तुतवती। उच्चशिक्षामन्त्री इन्दरसिंहपरमारः छात्रान् आश्वासितवान् यत् तेषां सर्वाणि माङ्गल्यानि विश्वविद्यालयप्रशासनस्य समक्षं स्थापयित्वा शीघ्रं समाधानं प्राप्तुं प्रयत्नाः क्रियन्ते इति। केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य मखान शर्मा, महानगर मंत्री आर्य पुंज, प्रदेश सहमंत्री अनमोल सोनकर, ऐश्वर्या सोनकर, शोभित मिश्र, अक्षत ताम्राकर, भास्कर पटेल, प्रफुल्ल तिवारी, दिव्यंक पचौरी, लखन मांझी, आशुतोष पटेल, आयुष बारी, कृष्ण ग्वालवंश, यश पटेल, इस प्रदर्शन में आयुष पटेल, अंकित सिंह, पुष्कर शुक्ल, सोम यादव, आदित्य पावर, प्रकाश सिसोदिया, अनिकेत श्रीवास्तव, राज नेमा एवं आभास दुबे उपस्थित थे।


## सम्पादकीयम्

### बाङ्गलादेशस्य हठिस्थितिः

बाङ्गलादेशस्य हठिस्थितिः पूर्वमेव आईसीसी इत्यस्मात् विघ्नं प्राप्तवान्, परन्तु समीपस्थाः देशाः तत् स्वीकुर्वितुं न इच्छन्ति। आईसीसी इत्यनेन बाङ्गलादेशः अन्तिमः अवसरः दत्तः, तस्य विषये विचारः करणीयः। तस्य देशस्य जनानां कृते क्रिकेट्-क्रीडा किञ्चित् स्मितं आनेतुं शक्नोति, यः राजनैतिक-सामाजिक-तनावस्य, अस्थिरतायाः च सामनां कुर्वन् अस्ति। बाङ्गलादेशस्य सर्वकारः, बोर्डः च भारते न क्रीडितुं दृढाः सन्ति। क्रीडायाः, हठस्य, अदूरदर्शितायाः च अस्य राजनीतिकरणस्य परिणामः अस्ति यत बाङ्गलादेशस्य क्रिकेट्-दलः आगामिमासे आरभ्यमाणे टी-२० विश्वकप-क्रीडायाः निर्गमनस्य मार्गे अस्ति। बाङ्गलादेशस्य निर्धारित-क्रीडाः भारते एव भविष्यन्ति इति आईसीसी-संस्थायाः स्पष्टं कृतम् अस्ति। यदि बाङ्गलादेशः स्वनिर्णयं न परिवर्तयति तर्हि तस्य स्थाने स्कॉटलैण्ड् विश्वकपक्रीडायां समाविष्टः भविष्यति। परन्तु आईसीसी इत्यनेन बाङ्गलादेशः अन्तिमः अवसरः दत्तः, तस्य विषये विचारः करणीयः। तस्य देशस्य जनानां कृते क्रिकेट्-क्रीडा किञ्चित् स्मितं आनेतुं शक्नोति, यः राजनैतिक-सामाजिक-तनावस्य, अस्थिरतायाः च सामनां कुर्वन् अस्ति। हठिवृत्तिः - यदि क्रीडायाः आरम्भादेव क्रीडा इव व्यवहारः कृतः स्यात् तर्हि एतावत् दुष्टं न स्यात्। विगतसप्ताहद्वये आईसीसी, बाङ्गलादेशस्य क्रिकेट् बोर्ड च अनेकानि चर्चानि कृतवन्तौ।

### मुकेश अम्बानी इत्यस्य महती घोषणा

## एआइ डाटा इव सस्ती भविष्यति, जियो भारतं गुप्तचरयुगेन सह सम्बद्धं करिष्यति






ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

देशस्य प्रौद्योगिकीपरिदृश्ये क्रान्तिं जनयिष्यति इति घोषणायाम् उद्योगपतिः मुकेश अम्बानी इत्यनेन उक्तं यत् यथा जियो इत्यनेन भारते आँकडानां सुलभता, किफायती च कृता, तथैव इदानीं कृत्रिमबुद्धिः सामान्यनागरिकाय न्यूनव्ययेन उपलब्धा भविष्यति। भारते एआइ इम्पैक्ट् शिखरसम्मेलने सम्बोधने सः भारतः गुप्तचरं भाडेन दातुं न शक्नोति इति स्पष्टतया अवदत् तथा च देशस्य अन्तर्जालयुगात् परं गत्वा गुप्तचरयुगे प्रवेशस्य समयः आगतः इति।

अम्बानी इत्यनेन घोषितं यत रिलायन्स इण्डस्ट्रीज तथा जियो प्लेटफॉर्म्स् आगामिषु सप्तवर्षेषु प्रायः १० लक्षकोटिरूप्यकाणां निवेशं करिष्यन्ति। अस्य निवेशस्य उद्देश्यं भारते विश्वस्तरीय एआइ आधारभूतसंरचनायाः विकासः, उच्चक्षमतायुक्तानां आँकडाकेन्द्राणां स्थापना, देशे सर्वत्र कृत्रिमबुद्धि-आधारितसेवानां विस्तारः च भविष्यति सः अवदत् यत् एषा उपक्रमः न केवलं व्यापारविस्तारस्य आधाररूपेण कार्यं करिष्यति, अपितु भारतस्य दीर्घकालीन-आर्थिक-प्रौद्योगिकी-आत्मनिर्भरतायाः कृते अपि कार्यं करिष्यति।

कम्पनी गुजरातस्य जामनगरे बहुगीगावाट् एआइ-सक्षमं डाटा सेण्टरपार्कं चरणबद्धरूपेण विकसितं कुर्वती अस्ति। लक्ष्यं यत् २०२६ तमस्य वर्षस्य अन्ते १२० मेगावाट् परिचालनक्षमता भवति, यत्र गीगावाट् स्तरं यावत् अधिकं विस्तारः भविष्यति। अम्बानी इत्यस्य मते एतत् सम्पूर्णं आधारभूतसंरचना हरित ऊर्जायाः आधारेण भविष्यति, ऊर्जायाः वर्धमानानाम् आवश्यकतानां मध्ये पर्यावरणसन्तुलनं निर्वाहयित्वा। सः अवदत् यत् जियो इत्यस्य जालपुटेन राष्ट्रव्यापिरूपेण गणनाक्षमता प्रदास्यति, येन एआइ-सेवाः न्यूनव्ययेन, वेगेन च जनान्, दुकानानि, विद्यालयाः, चिकित्सालयाः, कृषिक्षेत्राणि च प्राप्तुं शक्नुवन्ति।

अम्बानी स्वसम्बोधने एआइ भारतीयभाषासु कार्यं करिष्यति इति बोधयति स्म। सः अवदत् यत् यदि प्रौद्योगिकी सीमितभाषायां वा खण्डे वा सीमितं भवति तर्हि तस्याः सामाजिकप्रभावः अपूर्णः भविष्यति। अस्य कृते जियो शिक्षा एआइ, जियो आरोग्य एआइ, जियो कृषि, जियो भारत बुद्धि इत्यादीनां मञ्चानां प्रवर्तनं कृतम् अस्ति। एतेषां मञ्चानां माध्यमेन छात्राः अध्ययने समर्थनं प्राप्तुं शक्नुवन्ति, रोगिणः शीघ्रं स्वास्थ्यपरामर्शं प्राप्नुयुः, कृषकाः मौसमस्य, बीजस्य, विपण्यस्य च सूचनां प्राप्नुयुः।

### विशेषवैश्विकरणनीतिकसाझेदारी

## रक्षां एआइ च सहितं ऐतिहासिकसमझौताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

फ्रान्सराष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन् इत्यस्य भारतयात्रायाः १७ फरवरीतः १९ पर्यन्तं भारतयात्रा द्वयोः देशयोः कूटनीतिक-रणनीतिकसम्बन्धयोः नूतनः अध्यायः अभवत्। एषा महत्त्वपूर्णयात्रा मुम्बईनगरे आरब्धा, यत्र सः प्रधानमन्त्रिणा नरेन्द्रमोदीना सह व्यापकं महत्त्वपूर्णं च द्विपक्षीयं समागमं कृतवान्। ततः द्वौ नेतारौ नवीनदिल्लीनगरे एआइ इम्पैक्ट् शिखरसम्मेलने भागं गृहीतवन्तौ। अस्याः भ्रमणस्य महत्त्वपूर्णः ऐतिहासिकः च परिणामः भारतस्य फ्रान्सस्य च विद्यमानस्य सम्बन्धस्य उन्नयनं विशेषवैश्विकरणनीतिकसाझेदारीरूपेण अभवत्।

रक्षा-वायु-अन्तरिक्ष-क्षेत्रे भारतं महतीं कूर्दनं करोति रक्षाक्षेत्रे भारतस्य आत्मनिर्भरतां अधिकं सुदृढं कृत्वा द्वयोः देशयोः रक्षासहकार्यसम्झौतेः नवीनीकरणं कृतम् अस्ति। एतेन सम्झौतेन कर्णाटकस्य वेम्गलनगरे एच्-१२५ हेलिकॉप्टरस्य अन्तिमसंयोजनपङ्क्तिः आधिकारिकतया उद्घाटिता। तदतिरिक्तं भारतीयसशस्त्रसेनायाः क्षमतावर्धनार्थं हैमर-क्षेपणास्त्रस्य स्वदेशीय-उत्पादनार्थं बीईएल-सङ्घस्य फ्रांसीसी-कम्पनी सफरान्-इत्यस्य च संयुक्तोद्यमः अन्तिमरूपेण निर्धारितः सैन्यस्तरस्य सहकार्यं अधिकं गभीरं कर्तुं भारतीयसेनायाः, फ्रांसदेशस्य भूसेनायाः च अधिकारिणां परस्परनियोजनमपि स्थापितं अपि च, वायुयानशास्त्रे कौशलस्य राष्ट्रिय उत्कृष्टताकेन्द्रं, संयुक्तं उन्नतप्रौद्योगिकीविकाससमूहं च स्थापितं। स्वास्थ्यसेवायां नवीनता, कृत्रिमबुद्धिः, नवीनाः आरम्भाः च अस्मिन् भ्रमणकाले प्रौद्योगिक्याः, भविष्यस्य नवीनतायाः च विषये अपि बहुधा केन्द्रितम् आसीत्। द्वयोः देशयोः संयुक्तरूपेण भारत-फ्रांस्-नवाचारवर्षं २०२६, नूतनं नवीनताजालं च प्रारब्धम्।

## राशिफल

**मेष** : सब कुछ भगवान की इच्छा के अनुसार होगा। भविष्य के लिए रचनात्मक योजनाएं बनाएं ताकि आप अपना ख्याल रख सकें।

**वृषभ** : कुछ बड़ा हासिल करने के लिए अपने निजी समय का त्याग करना होगा। आपके पास अपना समय नहीं होगा।

**मिथुन** : हल्की-फुल्की बातचीत करना जरूरी है। इससे मानसिक शांति पाने और अधिक भरोसा करने में मदद मिलेगी।

**कर्क** : आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा लेकिन आप बहुत ज्यादा पैसे नहीं बचा पाएंगे।

**सिंह** : अपने करियर और निजी जीवन को एक साथ संतुलित करने का प्रयास करें। प्रॉपर्टी में धैर्य से फैसला लें।

**कन्या** : अगर आप अपने रिश्ते को लेकर बहुत गंभीर हैं तो शादी के बारे में सोचने का यह समय शुभ है।

**तुला** : आप दोनों इसे अगले लेवल पर ले जा सकें। आगे की एक नई यात्रा के लिए तैयार हो जाइए।

**वृश्चिक** : आप किसी रिसकी इनवेस्टमेंट की ओर बढ़ सकते हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति को खराब कर सकता है।

**धनु** : आपका साथी यह ध्यान रखेगा कि आप जीवन में खुश और संतुष्ट रहें। आपके सभी काम पूरे होंगे।

**मकर** : छोटी बचत से शुरूआत करें। आपको जरूरत पड़ने पर पेशेवर मदद लेने की जरूरत है।

**कुंभ** : आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी लेकिन बचत जरूर करें। बाद के चरण में अपने फाइनेंस को संभालना मुश्किल हो जाएगा।

**मीन** : अपने पार्टनर के साथ उन मुद्दों पर बात करें, जो आपके रिश्ते में समस्याएं पैदा कर रहे हैं।

### ज्योतिष/वास्तु

# होलिका दहन पर लगेगा चंद्र ग्रहण, इन राशियों की बढ़ सकती हैं समस्याएं

इस साल 3 मार्च 2026 को पड़ने वाली फाल्गुन पूर्णिमा पर ग्रहण का प्रभाव रहने वाला है। ऐसे में कुछ राशि वाले लोगों के जीवन में इसका नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं ये कौन सी राशियां हैं।

फाल्गुन माह की पूर्णिमा इस वर्ष खास मानी जा रही है, क्योंकि इसी दिन चंद्र ग्रहण का संयोग बन रहा है। 3 मार्च 2026 को पड़ने वाली फाल्गुन पूर्णिमा पर ग्रहण का प्रभाव रहने से धार्मिक कार्यों और परंपराओं में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस दिन होलिका दहन है और अगले दिन रंगों का त्योहार मनाया जाएगा, लेकिन इस बार ग्रहण के कारण पूजा-विधि और समय को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानत हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि का स्वामी चंद्रमा होता है, इसलिए चंद्र ग्रहण का प्रभाव इस राशि के लोगों पर अधिक महसूस हो सकता है। इस बार ग्रहण धन भाव में पड़ रहा है, जिससे आर्थिक मामलों में सावधानी रखना बेहद जरूरी है। अनावश्यक खर्च या गलत निवेश नुकसान दे सकता है। पैसों का लेन-देन सोच-समझकर करें और किसी भी बड़े फैसले में जल्दबाजी से बचें। साथ ही अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, क्योंकि छोटी-सी बात भी विवाद का कारण बन सकती है। इस दौरान सेहत में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। मानसिक शांति बनाए रखने के लिए मंत्रों का जप करना लाभकारी माना जाता है।



**कन्या राशि-** कन्या राशि के लिए यह चंद्र ग्रहण द्वादश भाव में प्रभाव डाल रहा है, जिसे खर्च, हानि और एकांत का भाव माना जाता है। ऐसे में इस राशि के जातकों को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अचानक नुकसान या दुर्घटना जैसी स्थितियों से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें और नियमित जांच या सावधानी बरतें। कार्यक्षेत्र में भी थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है, खासकर ऑफिस की राजनीति से दूरी बनाए रखें। इस समय भगवान शिव की पूजा और ध्यान करने से मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

**मीन राशि-** मीन राशि के लिए यह ग्रहण छठे भाव में पड़ रहा है, जो शत्रु, रोग और संघर्ष से जुड़ा होता है। ऐसे में इस दौरान विरोधी सक्रिय हो सकते हैं और आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। हर निर्णय सोच-समझकर लें और किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें।

आर्थिक मामलों में भी सावधानी जरूरी है, क्योंकि धोखाधड़ी या ठगी का खतरा बना रह सकता है। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें और सतर्कता बनाए रखें। ग्रहण के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए शिवलिंग पर जल अर्पित करना और नियमित प्रार्थना करना लाभदायक माना जाता है।

## खबर एक नजर...

### 3 माह से लापता युवक को एएसआई ने परिजनों से मिलवाया

**उज्जैन।** पंवासा थाना एएसआई संतोष राव ने सकारात्मक पुलिसिंग का परिचय देते हुए अपनी टीम के साथ 3 माह से लापता युवक को परिजनों से मिलवाया। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि एएसआई संतोष राव को सर्कल भ्रमण के दौरान एक युवक दिखाई दिया था। जिसके पैरों में चप्पल नहीं थी और कपड़े भी काफी मैले हो रहे थे। युवक से बातचीत करने पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होना सामने आई। वह बार-बार अलग-अलग बात कर रहा था। एएसआई ने प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला, अब्दुल रहीम, संजय काले और आरक्षक पंकज पाटीदार के साथ युवक के परिजनों की जानकारी जुटाना शुरू किया। इस दौरान पता चला कि सारंगपुर का रहने वाला दिलीप पिता प्रवीण पालीवाल है। पुलिस टीम ने परिजनों से संपर्क किया तो पता चला कि 3 माह से लापता है। राजगढ़ के लीमा चौहान थाने पर उसकी गुमशुदगी दर्ज है। दिलीप के मिलने की जानकारी पर परिजन उज्जैन पहुंचे। दिलीप का देख उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। रिश्तेदार राजेश पालीवाल ने बताया कि 3 माह से तलाश रहे थे। लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा था। परिजनों ने दिलीप के सुरक्षित मिलने पर पुलिस का आभार माना।

### रासुका में जेल भेजा गया जिलाबदर बदमाश

**उज्जैन।** लगातार आपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश को छह माह के लिए जिले की सीमा से बाहर किया गया था, बावजूद बदमाश कुछ दिनों में ही वापस लौट आया। सर्कल भ्रमण के दौरान पंवासा थाना पुलिस को जिलाबदर बदमाश के घर के आसपास होने की खबर मिली तो उसे पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई। जिलाबदर बदमाश मोहसीन पिता फारूख मंसुरी 30 वर्ष निवासी पाण्ड्याखेडी क्षेत्र से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया 6 फरवरी को बदमाश को ६ माह के लिए जिले की राजस्व सीमा से बाहर भेजा गया था। जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने पर उसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 में प्रकरण दर्ज कर केंद्रीय जेल भेरूगढ़ भेजा गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है।

### शस्त्र लाइसेंस की समीक्षा में एक लाइसेंस निरस्त

**उज्जैन।** होली रंग पंचमी से पहले जिले में लोक शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा अभियान शुरू कर शस्त्र लाइसेंस की समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के दौरान ग्राम चककमेड निवासी दुलीचंद मारू के पास 12बोर बंदूक का लाइसेंस शास्त्रधारी की गतिविधियों को देखते हुए जिलाधीश के आदेश से निरस्त कराया गया है। पुलिस द्वारा की जा रही समीक्षा में बड़नगर निवासी हरिसिंह ने अपनी वृद्धावस्था के चलते लाइसेंसी शस्त्र राइफल स्थाई रूप से जमा कराई। ग्राम बामनापाती के हरिसिंह ने 81 वर्ष की आयु होने पर जिम्मेदारी का परिचय देते हुए अपनी एम.एल. गन का लाइसेंस निरस्त करवाकर शस्त्र विक्रय की अनुमति प्राप्त की। वही विनोद शिवाजी जाधव, बैंक प्रबंधक नागदा ने अपने शस्त्र का उपयोग न होने एवं पुलिस की पारदर्शी कार्यप्रणाली पर विश्वास व्यक्त करते हुए 12 बोर बंदूक थाना नागदा में स्वैच्छिक रूप से जमा कराई। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा समय-समय पर चलाए गए जनसंवाद, जागरूकता अभियान एवं समझाइश का सकारात्मक प्रभाव सामने आया है। जिले के सम्मानित नागरिकों ने स्वेच्छा से अपने शस्त्र पुलिस के सुपुर्द कर कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने में सहयोग प्रदान किया है। यह पहल जिले में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध नियंत्रण एवं शस्त्रों के दुरुपयोग की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 250-7 | 489-1 |
| मेन बाजार | 779-3 | 246-2 |
| मिलन डे | 578-0 | 888-4 |
| मिलन नाइट | 689-3 | 199-9 |

1 9 0

# 1.355 किलो गांजे के साथ हिरासत में आया हलवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हलवाई का काम करने वाला अधेड़ मंगलवार-बुधवार रात गांजा ठिकाने लगाने के लिये निकला था। खबर मिलने पर पुलिस ने पकड़ने के लिये घेराबंदी की। हलवाई 1.355 किलोग्राम गांजे के साथ हिरासत में आ गया। जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि गरोठ रोड पर एक अधेड़ व्यक्ति गांजा ठिकाने लगाने की फिराक में आया हुआ है। उसके द्वारा किसी का इंतजार किया जा रहा है। उक्त व्यक्ति को पकड़ने के लिये एसआई लिबिन खेस्स, प्रधान आरक्षक महेश, मनोज कटारिया, आरक्षक अर्जुन जाटव को भेजा गया। पुलिस ने गरोठ रोड पर तलाश शुरू की। इस दौरान नागदा-उन्हेल ब्रिज के पास एक वृद्ध दिखाई दिया। जिसने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा किया और उसे हिरासत में लिया। उसके पास से एक थैली मिली।



जिसकी तलाशी लेने पर उसमें गांजा भरा होना सामने आया। मादक पदार्थ के साथ हिरासत में आये आरोपी को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम राजेन्द्र पिता धुलचंद्र जैन 58 साल निवासी नयापुरा भैरूनाला होना सामने आया। वह मूलरूप से बदनावर का रहने वाला है। मामले में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### गांजे की कीमत 15 हजार, रिमांड पर पूछताछ

एसआई लिबिन खेस्स ने बताया कि आरोपी से 1.355 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए है। बुधवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में उससे अन्य मादक पदार्थ तस्करों की जानकारी जुटाई जायेगी। संभावना है कि कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी ओर हो सकती है।

### हलवाई का काम करता है आरोपी

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से पता चला कि वह कुछ सालों से उज्जैन में रहकर हलवाई का काम कर रहा है। गांजा पहली बार लाने की बात कह रहा है, लेकिन कहां से लाया इसकी जानकारी जुटाने पर बरगलाने का प्रयास कर रहा है। आशंका है कि गांजा धार-बदनवार से उज्जैन तक लाया है। रिमांड अवधि में पूछताछ के दौरान इस बात का खुलासा हो पायेगा।

### पूर्व में भी पकड़े गये नशे के सौदागर


शहर में मादक पदार्थ का अवैध कारोबार होना लगातार सामने आ रहा है। पूर्व में भी नशे के कई सौदागारों को पकड़ा गया है। मादक पदार्थ में गांजा धार-बदनावर के रास्ते आना सामने आ रहा है। वहीं स्मैक जैसा मादक पदार्थ आगर के रास्ते राजस्थान की सीमा से उज्जैन तक लाया जा रहा है। नशे के सौदागारों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस का व्यापक स्तर पर अभियान जारी है।

# उत्तरप्रदेश के युवक ने किया था नाबालिग का अपहरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाबालिग को अगवा कर गलत काम करने वाला युवक बुधवार को उत्तरप्रदेश से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसके कब्जे से नाबालिग को मुक्त कराया गया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

महिदपुररोड थाना प्रभारी आरएस भाबोर ने बताया कि 20 फरवरी की रात क्षेत्र से नाबालिग लापता हो गई थी। परिजनों ने बालिका के लापता होने की शिकायत 21 फरवरी को थाने आकर दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर एसआई प्रेम मालवीय, रविन्द्रसिंह बैस, आरक्षक प्रदीप जयसवाल, कमलेश चौहान, मदन पग्गी की टीम गठित की गई और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के साथ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि बालिका



उत्तरप्रदेश के मऊ स्थित चित्रकुट में है। तत्काल टीम को रवाना किया गया। जहां से मंगलवार रात को बालिका को सकुशल दस्तयाब कर अगवा करने वाले आरोपी युवक आकाश पिता सनत त्रिपाठी ग्राम मंडोर थाना चित्रकुट उत्तरप्रदेश को हिरासत में लिया गया। बुधवार को महिदपुररोड थाने लाने पर बालिका के बयान दर्ज किये गये। जिसमें उसके साथ आरोपी द्वारा गलत काम होने की पुष्टि हुई। आरोपी के खिलाफ अपहरण की धारा के साथ गलत काम करने की धारा का इजाफा किया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है, उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

# बिना जांच दर्ज किया केस रेल एसपी को शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। मारपीट और हफ्ता वसूली के केस में आरोपित युवक ने रेल एसपी को शिकायती आवेदन सौंप जीआरपी द्वारा बिना जांच उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की बात कहीं। एसपी ने मामले की जांच के आदेश दिये है।

जीआरपी ने 15 फरवरी को धर्मेन्द्र रायकवार की शिकायत पर सत्येन्द्रसिंह चौहान निवासी आगररोड के खिलाफ मारपीट और हफ्ता वसूली का प्रकरण दर्ज किया था। इस बात की जानकारी सत्येन्द्र को लगी तो उसने जीआरपी पर बिना जांच झूठा मामला दर्ज किये जाने आरोप लगाये। सत्येन्द्र ने रेल एसपी इंदौर को शिकायती आवेदन सौंप बताया कि वह टूर एंड ट्रेवल्स का व्यवसाय करता है। जिस दिन उसके खिलाफ शिकायत




दर्ज की गई, उस दिन वह रेलवे परिसर आरक्षण कार्यालय की पार्किंग में मौजूद था, धर्मेन्द्र से किराये पर वाहन लेने की बात हुई थी, लेकिन कोई विवाद नहीं हुआ था। धर्मेन्द्र ने किराया अधिक बताने पर कहा था कि अब तू मुझे फ्री में वाहन देगा। शिकायती आवेदन के साथ सत्येन्द्र ने एसपी को घटना वाले दिन के सीसीटीवी फुटेज भी सौंपे और गुहार लगाई कि निष्पक्ष जांच की जाये और जांच पूरी होने तक गिरफ्तार नहीं किया जाये। एसपी ने शिकायती आवेदन पर मामले की जांच के आदेश जारी किये है। उक्त मामले में जीआरपी थाना प्रभारी अमित भावसार का कहना था कि सत्येन्द्र द्वारा झूठा प्रकरण दर्ज किये जाने के आरोप निराधार है। उसके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है।

# चौड़ीकरण कार्य में बाधा डालने वाले 2 आरोपी गिरफ्त में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मार्ग चौड़ीकरण कार्य में ट्रेक्टर चालकों से मारपीट और नगर निगम कर्मचारियों के साथ झूमाझटकी कर शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले 2 आरोपियों को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

खाराकुआ थाना पुलिस ने बताया कि सिंहस्थ 2028 को देखते हुए टंकी चौक से मावा बाजार, ढाबारोड़ तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसका ठेका बिलीफ विल्डकॉन कंपनी को दिया गया है। मंगलवार शाम कंपनी के ट्रेक्टर



चालक विक्रम और श्याम मलवा परिवहन का कार्य कर रहे थे। उसी दौरान नासीर लाला और गुलरेज खान अपने साथियों के साथ आये मलवा उठाने की बात को लेकर ट्रेक्टर चालकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान नगर निगम कर्मचारियों ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो दोनों ने निगम कर्मचारियों के साथ झूमाझटकी करते हुए मारपीट की। घटनाक्रम के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। निगम कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट का मामला उपयंत्री मुकुल मेश्राम के पास पहुंचा तो उनहोने खाराकुआ थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने की बात कहीं। थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवड़ा ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया। गुलरेज पिता अनवर खान अण्डा गली और नासिर लाला पिता अब्दुल मजीद पठान जामा मस्जिद के रहने वाले सामने आये। दोनों के ठिकानों पर दबिश देकर बुधवार सुबह गिरफ्तार किया गया। जहां से दोपहर में कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस द्वारा संदेश जारी किया गया कि सिंहस्थ जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन से जुड़े विकास कार्यो में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कठोर और वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com